रजिस्ट्री सं० डी० (डी०)-73

REGISTERED NO. D. (D.)-73

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 49] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 9, 1978/अग्रहायण 8, 1900

No. 49] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER, 9 1978/AGRAHAYANA 8, 1900

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किये गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

गृह मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 3 नवम्बर, 1978

सा० का० नि० 3489:—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक और अनुच्छेद 148 के खण्ड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और लेखा परीक्षा तथा लेखा विभाग के सेवारत व्यक्तियों के सम्बन्ध में नियंत्रक और महालेखा परीक्षक से परामर्श करने के पश्चात्, केन्द्रीय सिविल सेवा (अस्थायी सेवा) नियम, 1965 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

1. (i) इन नियमों का नाम केन्द्रीय सिविल सेवा (अस्थायी सेवा) संशोधन नियम, 1978 है ।

(ii) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. केन्द्रीय सिविल सेवा (अस्थायी सेवा) नियम, 1965 में, नियम 5 के उप नियम (2)(क) के स्थान पर, निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्—

"(2)(क) जहां नियुक्ति प्राधिकारी किसी अस्थायी सरकारी सेवक की सेवा समाप्त करते हुए कोई सूचना (नोटिस) देता है या जहां ऐसी सूचना की अवधि पूर्ण हो जाने पर या वेतन और भत्तों का तुरन्त संदाय कर के ऐसे सरकारी सेवक की सेवा समाप्त कर दी जाती है, वहां केन्द्रीय सरकार या केन्द्रीय सरकार द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट कोई प्राधिकारी या यदि ऐसा प्राधिकारी उसके अधीनस्थ है तो विभागाध्यक्ष अपने आप या अन्यथा मामले की कार्यवाही पुनः आरंभ कर सकता है और ऐसी जांच करने के पश्चात् जो वह ठीक समझे निम्नलिखित कार्रवाई कर सकता है :

(i) नियोक्ता प्राधिकारी द्वारा की गई कार्यवाही की पुष्टि

(ii) नोटिस वापिस लिया जाना ।

(iii) सरकारी कर्मचारी को सेवा में बहाल करना अथवा

(iv) उक्त मामले में ऐसा अन्य आदेश जारी करना जैसा वह उचित समझे ।

बशर्ते कि विशेष परिस्थितियों को छोड़कर, जो लिखित रूप में रिकार्ड की जायेंगी —

(क) (i) जिस मामले में नोटिस दिया गया है वहां नोटिस की तारीख से ।

(ii) जिस मामले में कोई नोटिस नहीं दिया गया है वहां सेवा समाप्त किये जाने की तारीख से,

3 मास समाप्त होने के बाद इस उप नियम के अधीन किसी केस को दुबारा नहीं उठाया जायेगा ।"

[सं० 12015/1/77-स्थापना (ग)]

आर० सी० गुप्ता, उप सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

(Department of Personnel and Administrative Reforms)

New Delhi, the 3rd November, 1978

G.S.R. 3489.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 and clause(5) of the article 148 of the Constitution, and after consultation with the Comptroller and

Auditor General of India in relation to persons serving in the Indian Audit and Accounts Department, the President hereby makes the following rules further to amend the Central Civil Services Temporary Service) Rules, 1965 namely :—

1. (1) These rules may be called the Central Civil Services (Temporary Service) Amendment Rules, 1978.

(ii) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In Central Civil Services (Temporary Service) Rules, 1965, for sub-rule (2)(a) of rule 5, the following shall be substituted, namely :—

"(2) (a) Where a notice is given by the appointing authority terminating the services of a temporary Government servant or where the service of any such Government servant is terminated on the expiry of the period of such notice or forthwith by payment of pay plus allowance the Central Government or any other authority specified by the Central Government in this behalf or a head of Department, if the said authority is subordinate to him, may, of its own motion or otherwise, reopen the case and after making such enquiry as it deems fit —

(i) confirm the action taken by the appointing authority ;

(ii) withdraw the notice ;

(iii) reinstate the Government servant in service; or

(iv) make such other order in the case as it may consider proper.

Provided that except in special circumstances, which should be recorded in writing, no case shall be re-opened under this sub-rule after the expiry of three months—

(a)(i) from the date of notice, in a case where notice is given ;

(ii) from the date of termination of service, in a case where no notice is given".

[No. 12015/1/77-Estt. (c)]

R. C. Gupta, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 22 नवम्बर, 1978

का० आ० 3490—दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 (1946 का 25) की धारा 6 के साथ पठित धारा 5 की उपधारा-(1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार सम्बन्धित राज्य सरकारों की सहमति प्राप्त करके एतद्द्वारा दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना के सदस्यों को नीचे दी गई अनुसूची में निर्दिष्ट अपराधों की जांच करने के बारे में शक्तियों तथा अधिकार क्षेत्रों का असम, बिहार, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, नागालैण्ड, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, तमिल नाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश तथा पश्चिमी बंगाल राज्यों तक विस्तार करती है :

अनुसूची

1. पुरावशेष तथा बहुमूल्य अनुसूची कलाकृति, अधिनियम, 1972 (1972 का 52) की धारा 25 के अधीन दण्डनीय अपराध ; और

2. ऊपर पैराग्राफ 1 में उल्लिखित किसी एक या अधिक अपराधों के संबंध में या उस सिलसिले में प्रयत्न, दुष्प्रेरण और षडयंत्रों तथा उन्हीं तथ्यों से उत्पन्न कार्य सम्पादन के दौरान किए गए कोई अन्य अपराध ।

[सं० 228/13/76-ए० वी० डी० (ii)]

New Delhi, the 22nd November, 1978

S.O. 3490.—In exercise of hte powers conferred by sub-section (1) of Section 5 read with Section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (25 of 1946), the Central Government, having obtained the consent of the Government of the States concerned, hereby extends the powers and jurisdiction of the members of the Delhi Special Police Establishment in respect of the investigation of the offences specified in the Schedule below, to the State of Assam, Bihar, Gujarat, Haryana, Himachal Pradesh, Kerala, Madhya Pradesh, Maharashtra, Manipur, Meghlaya, Nagaland, Orissa, Punjab, Rajasthan, Tamil Nadu, Tripura, Uttar Pradesh and West Bengal.

SCHEDULE

1. Offences punishable under Section 25 of the Antiquities and Art Treasures Act, 1972 (52 of 1972).

2. Attempts, abetments and conspiracies in relation to or in connection with one or more of the offences mentioned in paragraph I above, and any other offence committed in the course of the same transaction arising out of the same facts.

[No. 228/13/76-AVD. II]

नई दिल्ली 23 नवम्बर, 1978

का० आ० 3491—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 24 की उपधारा (6) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा, देहरादून, लखनऊ, इलाहाबाद में विचारण, अपीलीय तथा पुनरीक्षण न्यायालयों में श्री जे० स्वरूप, संयुक्त सचिव, तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग, देहरादून तथा अन्य के विरुद्ध दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना नियमित मामला संख्या 4/77-सी आई यू (ए) में अभियोजन तथा उससे उत्पन्न किसी अन्य मामले का भी संचालन करने के लिए श्री पी० के० चौबे, अधिवक्ता, वाराणसी को विशेष लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त करती है।

[सं० 225/58/78-ए० वी० डी०-2]

टी० के० सुब्रमणियन, अवर सचिव

New Delhi, the 23rd November, 1978

S.O. 3491.—In exercise of the powers conferred by sub-section (6) of section 24 of the Code of Criminal Procedure 1973 (2 of 1974), the Central Government hereby appoints Shri P. K. Chaube Advocate, Varanasi as a Special Public Prosecutor for conducting the prosecution and also any other matter arising out of the Delhi Special Police Establishment Regular Case No. 4/77-CIU(A) against Shri J. Swarup, Joint Director, Oil and Natural Gas Commission, Dehradun and others in the trial, appellate and revisional Courts in Dehradun/Lucknow/Allahabad.

[No. 225/58/78-AVD. II]

T. K. SUBRAMANIAN, Under Secy.

(राजभाषा विभाग)

नई दिल्ली, 24 नवम्बर, 1978

का० आ० 3492—केन्द्रीय सरकार राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिये प्रयोग) नियम, 1976 के नियम 10 के उप नियम (4) के अनुसरण में निम्नलिखित विभागों को जिसके कर्मचारीवृन्द ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, अधिसूचित करती है :—

(1) वार्षिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग सहित)

(2) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(3) भारी उद्योग विभाग

(4) नौवहन और परिवहन मंत्रालय (परिवहन पक्ष)

(6) गृह मंत्रालय

[संख्या 12022/1/78 रा भा (ख-2)]

हरिबाबू कंसल, उप सचिव

Department of Official Language)

New Delhi, the 24th November, 1978

S.O. 3492.—In pursuance of Sub-section (4) of rule 10 of the Official Language (use for Official purposes of the Union) Rules, 1976 the Central Government hereby notifies the following Departments, the staff whereof have acquired the working knowledge of Hindi :—

(1) Department of Economic Affairs (including Banking Division)

(2) Ministry of Health and Family Welfare.

(3) Department of Heavy Industry.

(4) Ministry of Shipping and Transport (Transport Wing)

(5) Ministry of Home Affairs.

[No. 120022/1/78-O.L(B-2)]
H. B. KANSAL, Dy. Secy.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 2 अगस्त, 1978

आयकर

का०आ० 3493.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित संस्था को, विहित प्राधिकारी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खण्ड (ii) के प्रयोजनार्थ अनुमोदित किया गया है।

संस्था

भारत का पोटाश अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली

यह अधिसूचना, 1-4-1978 से 31-3-1980 तक दो वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी है ।

[सं० 2451/फा० सं० 203/36/77-आ०क० अ० 2]

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

New Delhi, the 2nd August, 1978

INCOME-TAX

S.O. 3493.—It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by Indian Council of Agricultural Research, the prescribed authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (I) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961.

INSTITUTION

Potash Research Institute of India, New Delhi.

This notification is effective for a period of two years from 1-4-1978 to 31-3-1980.

[No. 2451/F. No. 203/36/77-ITA. II]

नई दिल्ली, 21 सितम्बर, 1978

शुद्धिपत्र

का०आ० 3494.—राजस्व विभाग अधिसूचना सं० 2451 [फा० सं० 203/36/77-आई टी ए 2], तारीख 2 अगस्त, 1978 को निम्नलिखित रूप में संशोधित करता है —

"यह अधिसूचना 1-4-1978 से 31-3-1980 तक दो वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी है" के स्थान पर "यह अधिसूचना 2 मार्च, 1977 से, 31-3-1980 तक प्रभावी है।" पढ़ें

[सं० 2514(फा० सं० 203/36/77-आईटी ए 2)]

New Delhi, the 21st September, 1978

CORRIGENDUM

S.O. 3494.—The Department of Revenue hereby amend the notification No. 2451 (F. No. 203/36/77-ITA.II) dated 2nd August, 1978 as under :—

For	*Read*
This notification is effective for a period of two years from 1-4-1978 to 31-3-1980.	This notification is effective from 2nd March, 1977 to 31-3-1980.

[No. 2514/F. No. 203/36/77-ITA.II)]

नई दिल्ली, 9 अक्टूबर, 1978

शुद्धिपत्र

का०आ० 3495.—राजस्व विभाग अधिसूचना सं० 2101 [फा०सं० 203/6/77-आ० का० आ० 2] तारीख 4-1-1988 में निम्नलिखित संशोधन करता है :—

(i) आरंभ होने की प्रस्तावित तारीख 1 सितम्बर, 1977 के स्थान पर निम्नलिखित पढ़ें अर्थात्:—

"आरंभ होने की प्रस्तावित तारीख 1-4-1978"

(ii) पूर्ण होने की अनुमानित तारीख 30-8-1982 के स्थान पर निम्नलिखित पढ़ें अर्थात् :—

"पूर्ण होने की अनुमानित तारीख 31-3-1979"

[सं० 2542/फा० सं० 203/6/77-आ०का०आ० 2]

New Delhi, the 9th October, 1978

CORRIGENDUM

S.O. 3495.—The Department of Revenue hereby amend the notification No. 2101 (F. No. 203/6/77-ITA.II) dated 4-1-1978 as under :—

For	*Read*
Proposed date of commencement 1st Sept, 1977	Proposed date of commencement 1-4-1978
Anticipated date of completion 30-8-1982.	Anticipated date of completion 31-3-1979.

[No. 2542/F. No. 203/6/77-ITA.II]

का०आ० 3496.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी, अर्थात् भारतीय चिकित्सा अनुसंधान

परिषद् ने निम्नलिखित संस्था को आय-कर नियम, 1962 के नियम 6(ii) के साथ पठित, आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खण्ड (ii) के प्रयोजनों के लिए चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में "वैज्ञानिक अनुसंधान संस्था" प्रवर्ग के अधीन निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है, अर्थात् :—

(i) यह कि संस्था चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए प्राप्त राशियों का हिसाब पृथक् से रखेगी।

(ii) उक्त संस्था प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए अपने वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी क्रिया-कलापों की एक वार्षिक विवरणी परिषद् को प्रति वर्ष अधिक से अधिक 31 मई तक ऐसे प्ररूपों में प्रस्तुत करेगी जो इस प्रयोजन के लिए अधिकथित किए जाएं और उसे सूचित किए जाएं।

संस्था

कैंसर अनुसंधान संस्थान, नार्थ बंगाल मेडिकल कालेज एवं अस्पताल सुश्रुतनगर जिला, दार्जिलिंग।

यह अधिसूचना 14-8-1978 से 13-8-1980 तक 2 वर्ष की अवधि के लिए प्रवृत्त होगी।

[सं० 2540/फा० सं० 203/177/77 आई टी ए 2]

S.O. 3496.—It is hereby notified for general information that the Institution mentioned below has been approved by Indian Council of Medical Research, the prescribed authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (I) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961 read with rule 6(iii) of the Income Tax Rules 1962 under the category of "Scientific Research Association" in the field of Medical Research, subject to the following conditions :—

(1) That the institution will maintain a separate account of the sums received by it for scientific research in the field of medical research.

(2) That the institution will furnish annual returns of its scientific research activities to the Council for each financial year by 31st May each year at the latest in such form as may be laid down and intimated to them for this purpose.

INSTITUTION

The Institute for Cancer Research, North Bengal Medical College & Hospital, Sushrutanagar, Distt. Darjeeling.

This notification is effective for a period of 2 years from 14-8-1978 to 13-8-1980.

[No. 2540/F. No. 203/177/77-ITA. II]

का०आ० 3497.—इस विभाग की अधिसूचना सं० 1078 [फा० सं० 203/62/75-आ० क० अ० 2] तारीख 9 सितम्बर, 1975 के अनुक्रम में सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित संस्था का अनुमोदन आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खण्ड (iii) के प्रयोजनों के लिए विहित प्राधिकारी अर्थात् भारतीय समाज विज्ञान, अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली ने, उसमें विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन रहते हुए, 1-4-1978 से 3 वर्ष की और अवधि के लिए बढ़ा दिया है।

संस्था

समाज कल्याण एवं विकास में अनुसंधान तथा दस्तावेजी केन्द्र, मुम्बई।

यह अधिसूचना 1-4-1978 से 31-3-1981 तक, की तीन वर्ष की और अवधि तक प्रभावी रहेगी।

[सं० 2541/फा० सं० 203/110/78-आ०क०अ० 2]

जे० पी० शर्मा, निदेशक

S.O. 3497.—In continuation of this Department's Notification No. 1078 (F.No. 203/62/75-ITA.II) dated 9th September, 1975, it is hereby notified for general information that the approval to the institution mentioned below has been extended by Indian Council of Social Science Research, New Delhi, the prescribed authority for the purposes of clause (iii) of sub-section (I) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961, subject to the conditions as mentioned therein for a further period of 3 years with effect from 1-4-1978.

INSTITUTION

The Research & Documentation Centre In Social Welfare and Development, Bombay.

This notification is effective for a further period of 3 years from 1-4-1978 to 31-3-1981.

[No. 2541/F. No. 203/110/78-ITA. II]

J. P. SHARMA, Director

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर, 1978

सीमा-शुल्क

का. आ. 3498.—केन्द्रीय सरकार, सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) की धारा 7 के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (राजस्व और बीमा विभाग) की अधिसूचना सं. 75/75-सीमाशुल्क, तारीख 3 जुलाई, 1975 (12 आषाढ़, 1897 शक) में निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना से उपाबद्ध सारणी में क्रम सं. 4 के सामने स्तंभ 3 में,—

(क) प्रविष्टि (17) में "चार्टरित उड़ानों से" शब्दों का लोप किया जाएगा,

(ख) प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित प्रविष्टियां अन्त : स्थापित की जाएंगी, अर्थात् :—

"(10) पुस्तकें, मुद्रित सामग्री, जिसके अन्तर्गत ओरख, ब्लू प्रिन्ट और रेखाचित्र भी हैं।

(21) तार-कर्षण, हीरक डाइ।

(22) द्रुतशीतित मांस।"

[सं. 233/78 सीमा-शुल्क/फा. सं. 481/61/78-सीमाशुल्क]

एन. कृष्णमूर्ति, अवर सचिव

New Delhi, the 9th December, 1978

CUSTOMS

S.O. 3498.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of section 7 of the Customs Act, 1962 (52 of 1962), the Central Government hereby makes the following further amendments in the notification of the Government of India in the Ministry of Finance (Department of Revenue and Insurance) No. 75/75-Customs dated the 3rd July, 1975 (12th Asadha, 1897 Saka), namely :—

In the Table annexed to the notification, against Serial Number 4, in column 3, (a) in entry (xvii), the words "by chartered flights" shall be omitted;

(b) after the entries, the following entries shall be inserted, namely :—

"(xx) Books, printed material including diagrams, blue prints and drawings ;

(xxi) Wire-drawing diamond dies ;

(xxii) Chilled meat."

[No. 233/78-Customs/F. No. 481/61/78-Cus. VII]
N. KRISHNAMURTHY, Under Secy.

नई दिल्ली, 9 अक्तूबर, 1978

आय-कर

का० आ० 3499.—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 की उपधारा (23-ग) के खण्ड (v) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "अरुलमिगु अरुणाचलेश्वरर टेम्पल, थिरुवन्नामलाई" को निर्धारण वर्ष 1975-76 के लिए और से उक्त धारा के प्रयोजनार्थ अधिसूचित करती है ।

[सं० 2544/फा० सं० 197/134/77-आ० क०(ए०-I)]

New Delhi, the 9th October, 1978

INCOME-TAX

S.O. 3499.—In exercise of the powers conferred by clause (v) of sub-section (23C) of section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Arulmigu Arunachaleswarar Temple, Thiruvannamalai" for the purpose of the said section for and from the assessment year(s) 1975-76.

[No. 2544/F. No. 197/134/77-IT(AI)]

नई दिल्ली, 18 अक्तूबर, 1978

आय-कर

का० आ० 3500.—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 की उपधारा (23-ग) के खण्ड (V) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "श्री अहोबिला मठ तमिल नाडु" को निर्धारण वर्ष 1971-72 के लिए और से उक्त धारा के प्रयोजनार्थ अधिसूचित करती है ।

[सं० 2548/फा० सं० 197/49/78-आ० क०(ए-I)]

New Delhi, the 18th October, 1978

INCOME-TAX

S.O. 3500.—In exercise of the powers conferred by clause (v) of sub-section (23C) of section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Sri Ahobila Mutt, Tamil Nadu" for the purpose of the said section for and from the assessment year(s) 1971-72.

[No. 2548/F. No. 197/49/78-IT(AI)]

नई दिल्ली, 30 अक्तूबर, 1978

आय-कर

का० आ० 3501.—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 की उपधारा (23-ग) के खण्ड (V) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "कोचीन देवास्वम् बोर्ड, त्रिचूर" को निर्धारण वर्ष 1972-73 के लिए और से उक्त धारा के प्रयोजनार्थ अधिसूचित करती है ।

[सं० 2567/फा० सं० 197/152/78—आ० क०(ए-I)]

New Delhi, 30th October, 1978

INCOME-TAX

S.O. 3501.—In exercise of he powers conferred by clause (v) of sub-section (23C) of section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Cochin Devaswom Board, Trichur" for the purpose of the said section for and from the assessment year 1972-73.

[No. 2567/F. No- 197/152/78-IT(AI)]

आय-कर

का० आ० 3502.—केन्द्रीय सरकार, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 की उपधारा (23-ग) के खण्ड (v) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "श्री जैन श्वेताम्बर भण्डार तीर्थ राजगीर" को निर्धारण वर्ष 1973-74 के लिए और से उक्त धारा के प्रयोजनार्थ अधिसूचित करती है ।

[सं० 2565/फा० सं० 197/25/78—आ० क०(ए-I)]

INCOME-TAX

S.O. 3502.—In exercise of the powers conferred by clause (v) of sub-section (23C) of section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Shri Jain Swetamber Bhandar Tirth Rajgir" for the purpose of the said section for and from the assessment year 1973-74.

[No. 2565/F. No. 197/25/78-IT(AI)]

आय-कर

का०आ० 3503.—केन्द्रीय सरकार, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 की उपधारा (23-ग) के खण्ड (v) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "श्री 108 प्राणनाथ मन्दिर ट्रस्ट धाम, पन्ना" को निर्धारण वर्ष 1977-78 के लिए और से उक्त धारा के प्रयोजनार्थ अधिसूचित करती है ।

[सं० 2566/फा० सं० 197/90/77—आ० क०(ए-I)]

एम० शास्त्री, अवर सचिव

INCOME-TAX

S.O. 3503.—In exercise of the powers conferred by clause (v) of sub-section (23C) of section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Shri 108 Prannath Mandir Trust Dham, Panna" for the purpose of the said section for and from the assessment year 1977-78.

[No. 2566/F. No. 197/90/77-IT(AI)]
M. SHASTRI, Under Secy.

(केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड)

नई दिल्ली, 27 मई, 1978

आयकर

का० आ० 3504.—केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 126 द्वारा प्रदत्त और इस निमित्त उसे समर्थ बनाने के लिए सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं० 1 (एफ० सं० 55/233/63-आई टी) तारीख 18-5-1964 से उपाबद्ध अनुसूची में निम्नलिखित परिवर्धन करता है, अर्थात् :—

उक्त अनुसूची में, क्रम० सं० 86 के पश्चात् निम्नलिखित जोड़ा जाएगा :

अनुसूची

क्रम सं०	व्यक्ति	आ० अ०	स० नि० आ०	स० प्र० आ०	आ० आ०
1	2	3	4	5	6
"87.	पटसन माल के सभी विनिर्माता, पटसन माल के सभी व्यवहारी, कच्चे पटसन के सभी व्यवहारी, कच्चे माल के सभी दलाल और कच्चे पटसन के सभी दलाल जिनके कारबार के स्थान कलकत्ता नगर, 24 परगना के सिविल जिला और हावड़ा में है किन्तु इसमें ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के वर्ग या मामले या मामलों के वर्ग सम्मिलित नहीं है जो उन प्रवर्गों में आते हैं जो कलकत्ता के निम्नलिखित आयकर सर्किल जिलों को विनिर्दिष्ट रूप से समनुदिष्ट किए गए हैं और जो भविष्य में समनुदिष्ट किए जाएंगे; (i) केन्द्रीय सर्किल, कलकत्ता (ii) जिला पी (2), कलकत्ता (शीघ्र विशेष जांच सर्किल-III, कलकत्ता के रूप में पुनः अभिहित किया जाएगा) और (iii) विदेशी कम्पनियां सर्किल I और II कलकत्ता	पटसन सर्किल, कलकत्ता के सभी आ० आ० (क से च वार्ड)	सहायक आयकर अपील आयुक्त जिसे पटसन सर्किल कलकत्ता में सहायक आयकर निरीक्षण आयुक्त के कृत्यों का निर्वहन करने के लिए नियुक्त किया गया है।	सहायक आयकर अपील आयुक्त जिसे स्तम्भ 3 में निर्दिष्ट आ० अ० के विनिश्चय के खिलाफ अपील सुनने की शक्तियों से विनिहित किया गया है"	आयकर आयुक्त पश्चिम बंगाल-8, कलकत्ता

यह अधिसूचना पहली जून, 1978 से प्रभावी होगी।

[सं० 2322/एफ०सं० 188/4/78-आई टी (ए-1)]

(Central Board of direct Taxes)

New Delhi, the 27th May, 1978

INCOME-TAX

S.O. 3504.—In exercise of the powers conferred by Section 126 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), and of all the powers enabling it in this behalf, the Central Board of Direct Taxes hereby makes the following addition to the Schedule annexed to its Notification No. 1 (F. No. 55/233/63-IT) dated 18-5-1964 as amended from time to time.

In the said Schedule after S. No. 86, the following shall be added :—

SCHEDULE

Sl. No.	Persons	I.T.O.	I.A.C.	A.A.C.	C.I.T.
1	2	3	4	5	5
'87.	All manufacturers of Jute Goods, All dealers in Jute Goods, All dealers in raw Jute, All brokers in Jute goods, and All brokers in raw jute having their places of business in the city of Calcutta and the civil Disiricts of 24-Paraganas and Howrah but excluding the persons or classes of persons or cases or classes of cases falling in the same categories that have been specifically assigned and which may be assigned in future to the following Income-tax Circles/Districts in Calcutta : (i) Central Circles, Calcutta, (ii) District V(2), Calcutta (shortly to be re-designated as Special Investigation Circle-III, Calcutta) and (iii) Foreign Companies Circles-I & II Calcutta.	All I.T.Os in Jute Circle, Calcutta (A to F Wards).	Inspecting Assistant Commissioner of Income-tax, who has been appointed to perform the functions of an Inspecting Assistant Commissioner of Incmae-tax in respect of Jute Circle, Calcutta.	Appellate Assistant Commissioner of Income-tax, who has been invested with powers to hear appeals against the decision of the ITO/ITOs referred to in Col. 3.	Commissioner of Income-tax, Weest Bengal-V, Calcutta.

This notification will have effect from 1st June, 1978"

[No. 2322/F. No. 188/4/78-IT(AI)]

नई दिल्ली, 19 जुलाई, 1978

आय-कर

का० आ० 3505.—केन्द्रीय प्रत्यक्ष करबोर्ड, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 121 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं० 1090 (फा० सं० 187/2/74-आ० क० (ए० 1) तारीख 20-9-1975 में निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात्:—

क्रम सं० 15 के सामने स्तंभ 1, 2 और 3 की प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थात्:—

आयकर आयुक्त	मुख्यालय	अधिकारिता
1	2	3
15. मध्य प्रदेश	भोपाल	1. ए० बी० सी०, अतिरिक्त सी० और एफ० वार्ड भोपाल 2. वेतन सर्किल 3. सर्वेक्षण सर्किल 4. बेतूल 5. भिण्ड 6. दतिया 7. देवास 8. धार 9. ग्वालियर 10 गुना 11. होशंगाबाद 12. इन्दौर 13. खण्डवा 14. खारगांव 15. मन्दसौर 16. मोरैना 17. रायसेन 18. राजगढ़ 19. रतलाम 20. सेहोर 21. शाजापुर 22. शिवपुरी 23. उज्जैन 24. विदिशा 25. झबुआ

यह अधिसूचना 1-8-78 से प्रभावी होगी।

[सं० 2426/फा० सं० 187/17/78-आ० क० (ए1)]

New Delhi, the 19th July, 1978

INCOME-TAX

S.O. 3505.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) Section 121 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Board of Direct Taxes hereby makes the following amendments to the Notification No. 1090 (F. No. 187/2/74-IT (AI) dated 20-9-1975, as amended from time to time.

The entries under columns 1, 2 and 3 against Sl. No. 15 shall be substituted by the following entries.

Commissioner of Income Tax	Head Quarters	Jurisdiction
1	2	3
15. Madhya Pradesh-I	Bhopal	1. A, B, C, Additional C & F Wards Bhopal. 2. Salary Circle. 3. Survey Circle. 4. Betul. 5. Bhind. 6. Datia. 7. Dewas. 8. Dhar. 9. Gwalior. 10. Guna. 11. Hoshangabad. 12. Indore. 13. Khandwa. 14. Khargone. 15. Mandsaur. 16. Morena. 17. Raisen. 18. Rajgarh. 19. Ratlam. 20. Sehore. 21. Shajapur. 22. Shivpuri. 23. Ujjain. 24. Vidisha. 25. Zabua.

This notification shall take effect from 1-8-78.

[No. 2426/F. No. 187/17/78-IT(AI)]

नई दिल्ली, 31 जुलाई, 1978

आय-कर

का० आ० 3506.—केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, आय-कर अधिनियम, 1971 की धारा 126 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अपनी अधिसूचना सं० 1948 (फा० सं० 188/4/77-आई टी (ए 1) तारीख 1-9-1977 से उपाबद्ध अनुसूची में निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

उक्त अनुसूची में क्रम सं० 84 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा :—

1	2	3	4	5	6
84(i)	ऐसे सभी व्यक्ति, जिनकी बाबत अतिरिक्त सुरक्षा अधिनियम के अधीन और/या विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी निवारण अधिनियम, 1974 के अधीन तस्करी संबंधी कार्यों और विदेशी मुद्रा की धोखा-धड़ी के लिए विरुद्ध करने का आदेश किया गया है और जो उक्त अधिनियमों के अधीन आदेश	आय-कर अधिकारी केन्द्रीय सर्किल-1 अहमदाबाद	स० आ० आ० क० केन्द्रीय रेंज-1, अहमदाबाद जिस की अधिकारिता स्तम्भ 3 में उल्लिखित सर्किल पर है।	स० आ० आ० अहमदाबाद, रेंज-1, अहमदाबाद जिस की अधिकारिता स्तंभ 3 में उल्लिखित सर्किल पर है।	आय-कर आयुक्त, गुजरात-1, जिसकी अधिकारिता स्तंभ 3 में उल्लिखित सर्किल पर है।

1	2	3	4	5	6
	पारित होने से पूर्व गुजरात राज्य में अहमदाबाद, गांधीनगर, कैरा, मेहसाना, बनासकांठा के राजस्व जिलों के भीतर निवास कर रहे थे या कारबार या व्यवसाय करते थे और जिनके मामले आय-कर अधिनियम की धारा 127 के अधीन केन्द्रीय सर्किल अहमदाबाद, राजकोट, जामनगर, भावनगर, बड़ौदा और सूरत के किसी आय-कर अधिकारी को नहीं सौंपे गए हैं ।				
(ii)	ऐसे सभी व्यक्ति, जिनकी बाबत आंतरिक सुरक्षा अधिनियम के अधीन और /या विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी संबंधी कार्यों और विदेशी मुद्रा की धोखाधड़ी के लिए उन्हें निरुद्ध करने का आदेश किया गया है और जो उक्त अधिनियमों के अधीन आदेश पारित होने से पूर्व गुजरात राज्य में पंचमहल, बड़ौदा, बड़ौच, सूरत, डांगा और वलसर के राजस्व जिलों और दमण, दादरा और नागर हवेली संघ राज्य क्षेत्र के भीतर निवास कर रहे थे या कारबार या व्यवसाय करते थे और जिनके मामले आय-कर अधिनियम की धारा 127 के अधीन केन्द्रीय सर्किल अहमदाबाद, राजकोट, जामनगर, भावनगर, बड़ौदा और सूरत के किसी आय-कर अधिकारी को नहीं सौंपे गए हैं ।	आयकर-अधिकारी, केन्द्रीय सर्किल I सूरत	सा० आ० क० आ० केन्द्रीय रेंज, बड़ौदा जिसकी अधिकारिता स्तंभ 3 में उल्लिखित सर्किल पर है।	स० आ० आ० सूरत रेंज, सूरत जिसकी अधिकारिता स्तम्भ 3 में उल्लिखित सर्किल पर है।	आय-कर आयुक्त गुजरात, जिन की अधिकारिता स्तम्भ 3 में उल्लिखित सर्किल पर है।
(iii)	ऐसे सभी व्यक्ति, जिनकी बाबात आंतरिक सुरक्षा अधिनियम के अधीन और या विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी निवारण अधिनियम, 1974 के अधीन तस्करी संबंधी कार्यों और विदेशी मुद्रा की धोखाधड़ी के लिए उन्हें निरुद्ध करने का आदेश किया गया है और जो उक्त अधिनियमों के अधीन आदेश पारित होने से पूर्व गुजरात राज्य में राजकोट, जूनागढ़, सुरेन्द्रनगर, भावनगर, अमरेली, जामनगर और कच्छ और दीव संघ राज्य क्षेत्र के राजस्व जिलों के भीतर निवास कर रहे थे या कारबार या व्यवसाय करते थे और जिनके मामले आय-कर अधिनियम की धारा 127 के अधीन केन्द्रीय सर्किल अहमदाबाद, राजकोट, जामनगर, भावनगर, बड़ौदा और सूरत के किसी आयकर अधिकारी को नहीं सौंपे गए हैं ।	आय-कर अधिकारी, केन्द्रीय सर्किल जामनगर ।	स० आ० आ० केन्द्रीय रेंज-II अहमदाबाद जिसकी अधिकारिता स्तंभ 3 में उल्लिखित सर्किल पर है ।	स० आ० अ०, जामनगर जिसकी अधिकारिता स्तम्भ 3 में उल्लिखित सर्किल पर है।	आय-कर आयुक्त, गुजरात केन्द्रीय, अमहदाबाद जिसकी अधिकारिता स्तंभ 3 में उल्लिखित सर्किल पर है ।

यह अधिसूचना 1 अगस्त, 1978 से प्रवृत्त होगी ।

[सं० 2448/फा० सं० 188/8/78-आई० टी० (ए० 1)]

New Delhi, the 31st July, 1978

INCOME-TAX

S.O. 3506.—In exercise of the powers conferred by section 126 of the Income-tax Act, 1961 the Central Board of Direct Taxes hereby makes the following amendments to the schedule annexed to its Notification No. 1948 (F. No. 188/4/77-IT AI) dated 1-9-1977.

In the said Schedule at Sr. No. 84 the following shall be substituted.

1	2	3	4	5	6
84	(i) All persons in respect of whom a.. order of detention has been made under the Maintenance of Internal Security Act (for Smuggling Activties and foreign exchange recketeering) and/or Conservation of Foreign Exchange and Prevention of Smuggling Activities Act, 1974 and who prior to passing of order under the said Acts	ITO Central Cir. I, A'bad.	IAC Central Range-I, A'bad who has jurisdiction over the Circle mentioned in Col. 3.	AACARI A'bad who has jurisdiction over the Circle mentioned in Col. 3.	C.I.T., Gujarat Central Ahmedabad who has jurisdiction over the Circle mentioned in Col. 3.

1	2	3	4	5	6
	were residing or carrying on business or profession within the Revenue Districts of Ahmedabad, Gandhinagar, Kaira, Mehsana, Banaskantha and Sabarkantha of the State of Gujarat and whose cases are not assigned to any of the I.T.Os. in Central Circles, Ahmedabad, Rajkot Jamnagar, Bhavnagar, Baroda and Surat by an Order u/s. 127 of the I.T. Act.				
(ii)	All person in respect of whom an order of detention has been made under the Maintenance of Internal Security Act (for Smuggling activities and foreign exchange racketeering) and/or Conservation of Foreign Exchange and Prevention of Smuggling Activities Act, 1974 and who prior to passing of orders under the said Act were residing or carrying on business or profession within the Revenue Districts of Panchmahal, Baroda, Broach, Surat, Danga and Bulsar of the State of Gujarat and in the Union Territory of Daman, Dadra and Nagar Haveli and whose cases are not assigned to any of the I.T.Os. in Central Circles, Ahmedabad, Rajkot, Jamnagar, Bhavnagar, Baroda and Surat by an order under section 127 of the I.T.Act.	ITO, Cen. Cir. I, Surat.	IAC Cen. Range, Baroda who has jurisdiction over the circle mentioned in Col. 3.	AAC Surat Range Surat who has Jurisdiction over the circle mentioned in Col. 3.	CIT, Gujarat Central Ahmedabad who has jurisdiction over the circle mentioned in Col. 3.
(iii)	All persons in respect of whom an order of detention has been made under the Maintenance of Internal Security act (for Smuggling activities and foreign Exchange Racketeering) and/or Conservation of Foreign Exchange and Prevention of Smuggling Activities Act, 1974 and who prior to passing of orders under the said Acts were residing or carrying on business or profession within the Revenue Districts of Rajkot, Junagadh, Surendranagar, Bhavnagar, Amreli, Jamnagar and Kutch of the State of Gujarat and in the Union Territory of Diu and whose cases are not assigned to any of the ITOs in Central Circles, Ahmedabad, Rajkot, Jamnagar, Bhavnagar, Baroda, and Surat, by an order u/s. 127 of the Income-tax Act.	I.T.O. Central, Circle, Jamnagar.	I.A.C. Central Range-II, Ahmedabad who has jurisdiction over the Circle mentioned in Col. 3.	A.A.C. Jamnagar Range, Jamnagar who has jurisdiction over the Cir. mentioned in Col. 3.	CIT, Gujarat Central Ahmedabad who has got jurisdiction over the Circle mentioned in Col. 3.

2. This notification shall have effect from Ist August, 1978.

[No. 2448/F. No. 188/5-78-IT—(AI)]

नई दिल्ली, 24 अगस्त, 1978

आय-कर

का० आ० 3507.—केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 121 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, समय-समय पर यथा संशोधित अपनी अधिसूचना सं० 679 (फा० सं० 187/2/74-आ० क० (ए1) तारीख 20 जुलाई, 1974 में निम्नलिखित संशोधन करता है :

क्रम सं० 10-ङ पर स्तंभ 3 के नीचे की विद्यमान मद सं० 3 निम्नलिखित रूप में पढ़ी जाएगी।

केन्द्रीय सर्किल 1, 2 और 3 सूरत

यह अधिसूचना 1-9-78 से प्रभावी होगी।

[सं० 2485 फा० सं० 187/21/78-आ०क० (ए-I)]

एम० शास्त्री, अवर सचिव

New Delhi, the 24th August, 1978

(INCOME-TAX)

S.O. 3507.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 121 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Board of Direct Taxes, hereby makes the following amendments to its Notification No. 679 (F. No. 187/2/74-IT(AI) dated 20th July, 1974 as amended from time to time.

Existing item No 3 under column 3 at Sr. No. 10-E shall be read as follows :—

Central Circles I, II and III, Surat.

This notification will take effect from 1-9-78.

[No. 2485/F. No. 187/21/78-IT(AI)]

M. SHASTRI, Under Secy.

वार्थिक कार्य विभाग

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 20 नवम्बर, 1978

शुद्धि-पत्र

का०आ० 3508.—3 जून, 1978 के भारत के राजपत्र के भाग II खण्ड 3(II) में पृष्ठ 1478 पर प्रकाशित वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग) की 16 मई, 1978 की अधिसूचना संख्या एस०ओ० 1691 (संख्या एफ० 8-9/78-ए० सी०) के हिन्दी पाठ में गांव पोरखेड़ी के सामने "4.504" हेक्टेयर के स्थान पर "4.505" हेक्टेयर प्रतिस्थापित कर लिया जाय।

[सं० एफ० 8-9/78-ए० सी०]

एम० पी० वर्मा, अवर सचिव

नई दिल्ली, 21 नवम्बर, 1978

का०आ० 3509.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर, एतद्द्वारा घोषित करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (ग) के उपखण्ड (I) और (II) के उपबन्ध, 9 जनवरी, 1980 तक की अवधि के लिए यूनियन बैंक आफ इण्डिया तथा इण्डियन बैंक पर उस सीमा तक लागू नहीं होंगे, जहां तक कि उक्त उपबन्ध, इन बैंकों के अध्यक्षों एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के, भारतीय निर्यात ऋण एवं गारन्टी निगम लि० के निदेशक बनने पर रोक लगाते हैं क्योंकि यह कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के अन्तर्गत एक पंजीकृत कम्पनी है।

[संख्या एफ० 15(39)-बी०ओ० III/77]

(DEPARTMENT OF ECONOMIC AFFAIRS)

(Banking Division)

New Delhi, the 21st November, 1976

S.O. 3509.—In exercise of the powers conferred by Section 53 of the B R Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of sub-clauses (i) & (ii) of clause (c) of sub-section (1) of section 10 of the said Act shall not apply upto 9th January 1980 to the Union Bank of India and Indian Bank in so far as the said provisions prohibit their Chairmen and the Chief Executive Officers from being directors of the Export Credit & Guarantee Corporations of India Ltd., being a company registered under the Companies Act, 1956 (1 of 1956).

[No. 15(39)-B.O.III/77]

का०आ० 3510.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर एतद्द्वारा घोषित करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (2) के उपबन्ध सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया पर 19 अगस्त, 1979 तक उस सीमा तक लागू नहीं होंगे जहां तक वे मैसर्स इण्डिया लेदर कारपोरेशन (प्रा०) लि० और मैसर्स क्रीम लेदर कम्पनी लिमिटेड के शेयरों की इस बैंक धारिता से सम्बन्धित हैं।

[संख्या 15(14)-बी० ओ० III/78]

S.O. 3510.—In exercise of the powers conferred by Section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949) the Central Government on the recommendation of the Reserve Bank of India hereby declares that the provisions of Sub-setcion (2) of Section 19 of the said Act shall not apply to the Central Bank of India upto 19th August 1979 in so far as they relate to its holding in the shares of M/s. India Leather Corporation (P) Ltd., and M/s. Chrome Leather Co. Ltd.

[No. 15(14)-B.O.III/78]

का०आ० 3511.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर एतद्द्वारा घोषित करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (2) के उपबन्ध यूनाइटेड कमर्शियल बैंक, कलकत्ता पर 25 अक्तूबर, 1979 तक उस सीमा तक लागू नहीं होंगे जहां तक उनका सम्बन्ध इसकी, यूनाइटेड इण्डस्ट्रीयल बैंक लिमिटेड, कलकत्ता की शेयर धारिता से है।

[संख्या 15(23)-बी० ओ० III/78]

S.O. 3511.—In exercise of the powers conferred by Section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of sub-section (2) of Section 19 of the said Act shall not apply till the 25th October, 1979, to the United Bank of India, Calcutta in so far as they relate to its holding of the shares in the United Industrial Bank Ltd., Calcutta.

[No. 15(23)-B.O.III/78]

का०आ० 3512.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर एतद्द्वारा घोषित करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 108 की उपधारा (1) और (2) के उपबन्ध लक्ष्मी विलास बैंक लिमिटेड पर 31 मार्च, 1979 तक अथवा इस बैंक के अगले पूर्णकालिक अध्यक्ष की नियुक्ति तक, इसमें जो भी पहले हो, तब तक लागू नहीं होंगे।

[संख्या 15(22)-बी० ओ० III/78]

मे० भा० उसगावकर, अवर सचिव

S.O. 3512.—In exercise of powers conferred by Section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendations of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of sub-sections (1) and (2) of Section 10B of the said Act, shall not apply to Lakshmi Vilas Bank Ltd., till the 31st March 1979 or till the appointment of the next whole-time Chairman of that Bank, whichever is earlier.

[No. 15(22)-B.O.III/78]
M. B. USGAONKAR, Under Secy.

नई दिल्ली, 23 नवम्बर, 1978

का० आ० 3513—निक्षेप बीमा तथा प्रत्यय गारन्टी निगम अधिनियम 1961 (1961 का 47) की धारा 6 की उपधारा 1 के खंड (ङ) के उपबन्धों के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निक्षेप बीमा तथा प्रत्यय गारन्टी निगम के निदेशक मण्डल में निम्नलिखित व्यक्तियों को 23 नवम्बर, 1978 से दो वर्ष की अवधि के लिये निदेशक के रूप में नियुक्त करती है ।

(1) श्री वी० एस० नटराजन,
प्रबन्ध निदेशक,
भारतीय स्टेट बैंक,
एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग,
केन्द्रीय कार्यालय,
बम्बई-400 021

(2) श्री पी० एफ० गट्टा,
अध्यक्ष तथा प्रबन्ध निदेशक,
सेंट्रल बैंक आफ इंडिया,
सेंट्रल बैंक बिल्डिंग, "चन्द्रमुखी"
बम्बई-400021

(3) श्री ए० घोष,
अध्यक्ष तथा प्रबन्ध निदेशक,
इलाहाबाद बैंक,
14, इंडिया एक्सचेंज प्लेस,
कलकत्ता-700001

[संख्या एफ० 6/7/78-बी० ओ०-I]
च० ना० मीरचन्दानी, अवर सचिव

New Delhi, the 23rd November, 1978

S.O. 3513.—In pursuance of the provision sof clause (c) of of sub-section (1) of section 6 of the Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation Act, 1961 (47 of 1961), the Central Government hereby nominates the following persons as directors to the Board of directors of the Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation for a period of two years with effect from 23rd November, 1978.

(1) Shri V. S. Natarajan,
Managing Director,
State Bank of India,
Administrative Building,
Madam Cama Road, Central Office,
Bombay-400021.

(2) Shri P. F. Gutta,
Chairman and Managing Director,
Central Bank of India,
Central Bank Building,
"Chandermukhi",
Nariman Point,
Bombay-400021.

(3) Shri A. Ghosh,
Chairman and Managing Director,
Allahabad Bank,
14, India Exchange Place,
Calcutta-700001.

[No. F. 6/7/78-BO. I]
C. W. MIRCHANDANI, Under Secy.

नई दिल्ली, 25 नवम्बर, 1978

का० आ० 3514—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबन्ध) स्कीम, 1970 के खण्ड 3 की उपधारा (क) के साथ पठित खण्ड 8 की उपधारा (1) के अनुसरण में, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा, श्री एम० एन० गोईपोरिया को 27 नवम्बर, 1978 से शुरू होकर 26 नवम्बर, 1981 को समाप्त होने वाली तीन वर्ष की अवधि के लिए देना बैंक का प्रबंध निदेशक नियुक्त करती है।

[संख्या एफ० 9/24/78 बी० ओ० (I)]

New Delhi, the 25th November, 1978

S.O. 3514.—In pursuance of sub-clause (a) of clause 3, read with sub-clause (1) of clause 8, of the Nationalised Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the Central Government, after consultation with the Reserve Bank of India, hereby appoints Shri M. N. Goiporia as the Managing Director of the Dena Bank for a term of three years commencing on 27th November, 1978 and ending with 26th November, 1981.

[No. F. 9/24/78-BO. I (1)]

का० आ० 3515—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबन्ध) स्कीम, 1970 के खण्ड 5 की उपधारा (1) के साथ पठित खण्ड 7 के अनुसरण में, भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श करने के पश्चात् केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा श्री एम० एन० गोईपोरिया जिन्हें 27 नवम्बर, 1978 से देना बैंक का प्रबन्धक निदेशक नियुक्त किया गया है, उसी तारीख से देना बैंक के निदेशक मंडल का अध्यक्ष नियुक्त करती है ।

[संख्या एफ० 9/24/78-बी ओ० 1(2)]
बलदेव सिंह, संयुक्त सचिव

S.O. .—In pursuance of sub-clause (1) of clause 5, read with clause 7, of the Nationalised Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the Central Government, after consultation with the Reserve Bank of India hereby appoints Shri M. N. Goiporia who has been appointed as the Managing Director of the Dena Bank with effect from 27th November, 1978 to be the Chairman of the Board of Directors of the Dena Bank with effect from the same date.

[No. F. 9/24/78-BO. I (2)]
BALDEV SINGH, Jt. Secy.

New Delhi, the 16th November, 1978

ERRATA

S.O. 3516.—In the English version of the notification No. F. 8-3/77-AC, dated the 23rd December, 1977 and subsequent errata No. F. 8-3/77-AC dated the 23rd June, 1978, the name of Co-operative Bank, referred to therein, may be read as "Savarkundla Nagrik Sahakari Bank Ltd.".

[No. 8-3/77-AC]
M. P. VARMA, Under Secy.

शुद्धि-पत्र

नई दिल्ली, 29 नवम्बर, 1978

का०आ० 3517—भारत के राजपत्र के भाग II, खंड 3(ii) में प्रकाशनार्थ, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग) की दिनांक 29 सितम्बर, 1978 की अधिसूचना संख्या 8-9/78-ए० सी० में शब्द "रोड" से पहले "सभा जी राव" शब्द के स्थान पर "सया जी राव" शब्द प्रतिस्थापित समझा जाये।

[संख्या 8-9/78-ए० सी०]
एम०पी० वर्मा, अवर सचिव

भारतीय रिजर्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

का०आ० 3518—भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अनुसरण में 1978 के दिनांक 6 अक्तूबर, को समाप्त हुए सप्ताह के लिये लेखा :—

S. O. 3518.—An Account pursuant to the Reserve Bank of India Act, 1934, for the week ended the 6th day of October, 1978 :—

इशु विभाग

ISSUE DEPARTMENT

देयताएं Liabilities	रुपये Rs.	रुपये Rs.	आस्तियां Assets	रुपये Rs.	रुपये Rs.
बैंकिंग विभाग में रखे हुए नोट Notes held in the Banking Department	16,14,35,000		सोने का सिक्का और बुलियन Gold Coin and Bullion		
संचलन में नोट Notes in circulation	9212,57,04,000		(क) भारत में रखा हुआ (a) Held in India	214,21,78,000	
जारी किये गये कुल नोट Total Notes issued		9228,71,39,000	(ख) भारत के बाहर रखा हुआ (b) Held outside India		
			विदेशी प्रतिभूतियां Foreign Securities	2295,32,65,000	
			जोड़ Total		2509,54,43,000
			रुपये का सिक्का Rupee Coin		33,99,08,000
			भारत सरकार की रुपया प्रतिभूतियां Government of India Rupee Securities		6685,17,88,000
			देशी विनिमय बिल और दूसरे वाणिज्य-पत्र Internal Bills of Exchange and other commercial papers		
कुल देयताएं Total Liabilities		9228,71,39,000	कुल आस्तियां Total Assets		9228,71,39,000

दिनांक : 12 अक्तूबर, 1978
Dated the, 12th day of October, 1978

के० एस० कृष्णस्वामी, उप-गवर्नर
K. S. KRISHNASWAMY, Dy. Governor.

6 अक्टूबर, 1978 को भारतीय रिजर्व बैंक के बैंकिंग विभाग के कार्यकलाप का विवरण

Statement of the affairs of the Reserve Bank of India, banking Department as on the 6th October, 1978

देयताएं Liabilities	रुपये Rs.	आस्तियां Assets	रुपये Rs.
चुकता पूंजी Capital Paid Up	5,00,00,000	नोट Notes	16,14,35,000
आरक्षित निधि Reserve Fund	150,00,00,000	रुपये का सिक्का Rupee Coin	2,96,000
राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन निधि) National Agricultural Credit (Long Term Operations) Fund	610,00,00,000	छोटा सिक्का Smalls Coin	5,84,000
राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि National Agricultural Credit (Stabilization) Fund	195,00,00,000	खरीदे और भुनाये गये बिल Bills Purchased and Discounted:—	
राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि National Industrial Credit (Long Term Operations) Fund	915,00,00,000	(क) देशी (a) Internal	50.89,94,000
जमा राशियां :— Deposits :—		(ख) विदेशी (b) External	..
(क) सरकारी (a) Government :		(ग) सरकारी खजाना बिल (c) Government Treasury Bills	1771,18,72,000
(i) केन्द्रीय सरकार (i) Central Government	1267,70,79,000	विदेशों में रखा हुआ बकाया* Balances Held Abroad*	1642,48,14,000
(ii) राज्य सरकारें (ii) State Governments	14,81,62,000	निवेश** Investments**	880,69,16,000
(ख) बैंक (b) Banks :		ऋण और अग्रिम :— Loans and Advances to :	
(i) अनुसूचित वाणिज्य बैंक (i) Scheduled Commercial Banks	2033,48,16,000	(i) केन्द्रीय सरकार को (i) Central Government	..
(ii) अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक (ii) Scheduled State Co-operative Banks	29,95,38,000	(ii) राज्य सरकारों को@ (ii) State Governments@	75,20,14 000
(iii) गैर अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक (iii) Non-Scheduled State Co-operative Banks	2,36,20,000	ऋण और अग्रिम Loans and Advances to :—	
(iv) अन्य बैंक (iv) Other Banks	1,78,91,000	(i) अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को† (i) Scheduled Commercial Banks†	251,19,16,000
(ग) अन्य (c) Others	1532,75,56,000	(ii) राज्य सहकारी बैंकों को (ii) State Co-operative Banks	380.85,73,000
देय बिल Bills Payable	180,72,61,000	(iii) दूसरों को (iii) Others	4,75,00 000
		राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि से ऋण, अग्रिम और निवेश : Loans, Advances and Investments from National Agricultural Credit (Long Term Operations) Fund :	
		(क) ऋण और अग्रिम (a) Loans and Advances to:—	
		(i) राज्य सरकारों को (i) State Governments	110,82,46,000
		(ii) राज्य सहकारी बैंकों को (ii) State Co-operative Banks	16,65,48,000
		(ii) केन्द्रीय भूमि बन्धक बैंक को (iii) Central Land Mortgage Banks	..

*नकदी, सावधिक जमा और अल्पकालीन प्रतिभूतियां शामिल हैं ।

*Includes Cash, Fixed Deposits and Short-term Securities.

**राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घ कालीन प्रवर्तन) निधि और राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घ कालीन प्रवर्तन) निधि में से किये गये निवेश शामिल नहीं हैं ।

**Excluding Investments from the National Agricultural Credit (Long Term Operations) Fund and the National Industrial Credit (Long Term Opeations) Fund.

@राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि से प्रदत्त ऋण और अग्रिम शामिल नहीं हैं, परन्तु राज्य सरकारों को दिये गये अस्थायी ओवरड्राफ्ट शामिल हैं ।

@ Excluding Loans and Advances from the National Agricultural Credit (Long Term Operations) Fund, but Including temporary overdrafts to State Governments.

†भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम की धारा 17(4)(ग) के अधीन अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को मीयादी बिलों पर अग्रिम दिये गये 2,76,00,000 रुपये शामिल हैं ।

†Includes Rs. 2,76,00,000 advanced to Scheduled Commerical banks against usance bills under Section 17(4)(c) of the Reserve Bank of India Act.

‡राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि और राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि से प्रदत्त ऋण और अग्रिम शामिल नहीं हैं ।

‡Excluding Loans and Advances from the National Agricultural Credit (Long Term Operations) Fund and the National Agricultural Credit (Stabilization) Fund.

देयताएं Liabilities	रु० Rs.		आस्तियां Assets	रु० Rs.	
अन्य देयताएं Other Liabilities		439,60,000	(iv) कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम को (iv) Agricultural Refinance and Development Corporation		215,60,00,000
			(ख) केन्द्रीय भूमि बंधक बैंकों के डिबेंचरों में निवेश (b) Investment in Central Land Mortgage Bank Debentures		7,67,64,000
			राष्ट्रीय कृषि ऋण, (स्थिरीकरण) निधि से ऋण और अग्रिम Loans and Advances from National Agricultural Credit (Stabilisation) Fund		
			राज्य सहकारी बैंकों को ऋण और अग्रिम Loans and Advances to State Co-operative Banks		132,48,57,000
			राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि से ऋण, अग्रिम और निवेश Loans, Advances and Investments from National Industrial Credit (Long Term Operations) Fund		
			(क) विकास बैंक को ऋण और अग्रिम (a) Loans and Advances to the Development Bank		708,85,68,000
			(ख) विकास बैंक द्वारा जारी किए गए बाण्डों/डिबेंचरों में निवेश (b) Investment in bonds/debentures issued by the Development Bank		..
			अन्य आस्तियां Other Assets		1237,39,86,000
रुपये Rupees		7502,98,83,000	रुपये Rupees		7502,98,83,000

के०एस० कृष्णास्वामी, उप गवर्नर
K. S. KRISHNASWAMY, Dy. Governor

दिनांक 12 अक्तूबर 1978
Dated the 12th day of October, 1978

[No. F. 10/1/78-BOI]

का०आ० 3519.—भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अनुसरण में 1978 के दिनांक 13 अक्तूबर को प्राप्त हुए सप्ताह के लिये लेखा।

S.O. 1519.—An Account pursuant to the Reserve Bank of India Act, 1934 for the week ended the 13th day of October, 1978

निर्गम विभाग
Issue Department

देयताएं Liabilities	रुपये Rs.	रुपये Rs.	आस्तियां Assets	रुपये Rs.	रुपये Rs.
बैंकिंग विभाग में रखे हुए नोट Notes held in the Banking Department	52,07,16,000		सोने का सिक्का और बुलियन :— Gold Coin and Bullion		
संचलन में नोट Notes in circulation	9376,00,12,000		(क) भारत में रखा हुआ (a) Held in India	214,21,73,000	
			(ख) भारत के बाहर रखा हुआ (b) Held outside India	..	
			विदेशी प्रतिभूतियां Foreign Securities	2295,32,65,000	
जारी किये गये कुल नोट Total Notes issued		9428,07,28,000	जोड़ Total		2509,54,43,000
			रुपये का सिक्का Rupee Coin		33,35,70,000
			भारत सरकार की रुपया प्रतिभूतियां Government of India Rupee Securities		6885,19,15,000
			देशी विनिमय बिल और दूसरे वाणिज्य पत्र Internal Bills of Exchange and other commercial paper		
कुल देयताएं Total Liabilities		9428,07,28,000	कुल आस्तियां Total Assets		9428,07,28,000

दिनांक : 18 अक्तूबर, 1978
Dated the 18th day of October, 1978

आई जी पटेल, गवर्नर
I. G. Patel, Governor

13 अक्तूबर 1978 को भारतीय रिजर्व बैंक के बैंकिंग विभाग के कार्यकलाप का विवरण

Statement of the Affairs of the Reserve Bank of India, Banking Department as on the 13th October, 1978.

देयताएं Liabilities	रुपये Rs.	आस्तियां Assets	रुपये Rs.
का०आ० 3555.—केन्द्रीय सरकार को यह प्रतीत होता है कि इससे उपाबद्ध अनुसूची में वर्णित भूमि से कोयला उपलब्ध होने की संभावना है;

अतः, अब केन्द्रीय सरकार, कोयला वाले क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम, 1957 (1957 का 20) की धारा 4 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कोयले का पूर्वेक्षण करने के अपने आशय की सूचना देती है ;

इस अधिसूचना के अधीन आने वाले क्षेत्र के रेखांक का निरीक्षण सेन्ट्रल कोलफील्ड लिमिटेड (राजस्व अनुभाग) कार्यालय, दरभंगा हाउस, रांची या कलक्टर, सिद्धी (मध्य प्रदेश) के कार्यालय या कोलया नियंत्रक कार्यालय, 1 कौंसिल हाउस, कलकत्ता में किया जा सकता है।

इस अधिसूचना के अन्तर्गत सम्मिलित भूमि में हितबद्ध सभी व्यक्तियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (7) में वर्णित सभी नक्शे, चार्ट और अन्य दस्तावेजें इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 90 दिन के भीतर राजस्व अधिकारी सैन्ट्रल कोलफील्ड, दरभंगा हाउस भेज देना चाहिए।

अनुसूची

मुहेर, अमलोड़ी, निगाही, छिगुंदा विस्तार और काकोरी विस्तार खण्ड, सिंगरौली कोयला क्षेत्र
जिला सिद्धी
मध्य प्रदेश

डा सं० रैक्यू/35/78

तारीख 22-7-78
(पूर्वेक्षण के लिए अधिसूचित भूमि दर्शित करते हुए)

मुहेर खण्ड :

क्रम सं०	ग्राम	तहसील	तहसील संख्या	जिला	टिप्पण क्षेत्रफल
1	2	3	4	5	6
1.	अमलौड़ी	सिंगरौली	6	सिद्धी	भाग
2.	मुहेर	"	476	"	"
3.	पड़ारी	"	305	"	"
4.	चिनगी टोला	"	173	"	"
5.	पुकरा रामगढ़	"	—	"	"
6.	चोकारा	"	176	"	"

कुल क्षेत्रफल : 5840.00 एकड़ (लगभग)
या 2363.33 हेक्टेयर (लगभग)

सीमा-वर्णन

क–ख रेखा मुहेर, पड़ारी और चिनगीटोला ग्रामों से होकर गुजरती है।

ख–ग रेखा चिनगीटोला, पुकररामगढ़ ग्रामों से होकर चोकरा ग्राम को भागतः पश्चिमी सीमा के साथ-साथ गुजरती है।

ग–घ रेखा चोकरा ग्राम से होकर भागतः अमलोड़ी ग्राम की सीमा के साथ-साथ गुजरती है।

घ–ङ रेखा अमलोड़ी और मुहेर ग्रामों से होकर गुजरती है।

ङ–च रेखा मुहेर ग्राम से गुजरती है और आरम्भिक बिन्दु क पर मिल जाती है।

अमलोड़ी खण्ड :

क्रम सं०	ग्राम	तहसील	तहसील संख्या	जिला	टिप्पण क्षेत्रफल
1.	अमलोड़ी	सिंगरौली	6	सिद्धी	भाग
2.	मुहेर	"	476	"	"
3.	नौगढ़	"	—	"	"
4.	कांचनी	"	—	"	"
5.	दसोती	"	—	"	पूर्ण
6.	भरवा	"	181	"	"
7.	कोल भोरवा	"	41	"	"
8.	पुरेवा	"	309	"	भाग
9.	अमझर	"	7	"	"
10.	नवानगर	"	129	"	"
11.	भाजनकला	"	—	"	"

कुल क्षेत्रफल : 5915.00 एकड़ (लगभग)
या 2393.68 हेक्टेयर (लगभग)

सीमा वर्णन

क–घ रेखा मुहेर और अमलोड़ी ग्रामों से होकर गुजरती है [जो मुहेर खण्ड (ब्लाक) की सामान्य सीमा है]।

घ–ज रेखा अमलोड़ी, नौगढ़ ग्रामों से होकर गुजरती है।

ज–छ रेखा नौगढ़ कांचनी, भाजन कला और नवा नगर ग्रामों से होकर गुजरती है।

छ–च रेखा नवा नगर, अमझर, पुरेवा, और मुहेर ग्रामों से होकर गुजरती है।

च–क रेखा मुहेर ग्राम से होकर गुजरती है और आरम्भिक बिन्दु क पर मिल जाती है।

निगाही खण्ड:

क्रम सं०	ग्राम	तहसील	तहसील संख्या	जिला	टिप्पण क्षेत्रफल
1.	मधौली	सिंगरौली	446	सिद्धी	भाग
2.	निगाही	"	288	"	"
3.	छान पाथर	"	184	"	पूर्ण
4.	पुरेवा	"	309	"	भाग
5.	मुहेर	"	476	"	"
6.	अमझर	"	7	"	"
7.	नालनगर	"	129	"	"
8.	पुरौली खुर्द	"	117	"	"
9.	घुरौली कला	"	116	"	"
10.	इटवा	"	—	"	"
11.	बिलौली	"	170	"	"
12.	पिपरा लाल टोला	"	—	"	"
13.	जैतपुर	"	—	"	"
14.	सरसाबाह राजाटोला	"	224	"	"
15.	गरवा	"	—	"	"
16.	मुड़बनी	"	205	"	"

कुल क्षेत्रफल 6020.00 एकड़ (लगभग)
या 2436.17 हेक्टेयर (लगभग)

सीमा विवरण:

च–छ रेखा, मुहेर, पुरेखा, अमझर और नवानगर (जो अमलोड़ी खण्ड की सामान्य सीमा है) से होकर गुजरती है।

छ–फ रेखा नवानगर, धुरौली, खुर्द, धुरौली कला, इटवा, बिनौली, पिपरालाल टोला और जैतपुर ग्रामों से होकर गुजरती है।

झ–ञ रेखा जैतपुर और सरसाबाह लाल टोला ग्रामों की सामान्य सीमा के साथ-साथ और आगत: सरसाबाह राजा टोला और सरसाबाह लाल टोला ग्रामों की सामान्य सीमा से होकर गुजरती है।

ञ–ठ–ठ-ड–ड रेखाएं सरसोवा राजाटोला, जैतपुर, गरवा ग्रामों से होकर आगत:,गरवा और मुढबनी तथा मुढबनी और बिनौली ग्रामों की सामान्य सीमा के साथ-साथ मुढबनी, निगाही और मथौली ग्रामों से [जो कोयला अधिनियम की धारा 9(1) के अधीन अधिगृहीत जयन्त ब्लाक की सामान्य सीमा है] होकर गुजरती है ।

ड–ब रेखा मथौली, निगाही और मुहेर ग्रामों से होकर गुजरती है तथा आरम्भिक बिन्दु च पर मिल जाती है।

झिंगुरदा विस्तार खण्ड :

क्रम सं०	ग्राम	तहसील	तहसील संख्या	जिला	क्षेत्रफल	टिप्पण
1.	चुरकी	देवसर	—	सिद्धी	भाग	
2.	झिंगुरदा	सिंगरौली	206	—	—	

कुल क्षेत्रफल : 1460.00 एकड़ (लगभग)
या 590.83 हेक्टेयर (लगभग)

सीमा विवरण :

ण–त रेखा देवसर तहसील के चुर्की ग्राम और सिंगरौली तहसील के झिंगुरदा ग्रामों से होकर गुजरती है।

त–द रेखा झिंगुरदा ग्राम [जो कोयला अधिनियम की धारा 9(1) के अधीन झिंगुरदा ब्लाक में अधिगृहीत क्षेत्र की सामान्य सीमा का एक भाग है] से होकर गुजरती है।

द–ध रेखा देवसर तहसील के चुर्की और सिंगरौली तहसील के झिंगुरदा ग्राम की सामान्य सीमा के साथ साथ [जो कोयला अधिनियम की धारा 9(1) के अधीन अधिगृहीत झिंगुरदा ब्लाक की सामान्य सीमा का एक भाग है] से होकर गुजरती है ।

ध–क रेखा झिंगुरदा ग्राम से [जो कोयला अधिनियम की धारा 9(1) के अधीन अधिगृहीत झिंगुरदा ब्लाक की सामान्य सीमा का एक भाग है] होकर गुजरती है।

क–न रेखा सिंगरौली तहसील के झिंगुरदा और देवसर तहसील के चुर्की ग्रामों से होकर गुजरती है।

न–ण रेखा देवसर तहसील के चुर्की ग्राम से होते हुए गुजरती है और आरम्भिक बिन्दु ण पर मिल जाती है।

कंकरी विस्तार खण्ड :

क्रम सं०	ग्राम	तहसील	तहसील संख्या	जिला	क्षेत्रफल	टिप्पण
1.	चूड़ीवाह	सिंगरौली	—	सिद्धी	भाग	

कुल क्षेत्रफल : 82.00 एकड़ (लगभग)
या 33.18 हेक्टेयर (लगभग)

सीमा विवरण :

प–फ–ब रेखा चूड़ीवाह ग्राम से होकर गुजरती है।

ब–प रेखा चूड़ीवाह ग्राम की आगत: पूर्वी सीमा से होकर गुजरती है (जो मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सामान्य सीमा का एक भाग है और जो उत्तर प्रदेश के काकोरी ब्लाक के एक भाग की भी सीमा रेखा है)

[सं० 19(44)/78 सी एम (i)]
एस० आर० ए० रिजवी, निदेशक

S.O 3555.—Whereas it appears to the Central Government that coal is likely to be obtained from the lands mentioned in the schedule hereto annexed ;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 4 of the Coal Bearing Areas (Acquisition and Development) Act, 1957 (20 of 1957), the Central Government hereby gives notice of its intention to prospect for coal therein;

2. The plan of the area covered by this notification can be inspected at the Office of the Central Coalfields Limited, (Revenue Section), Darbhanga House, Ranchi, or at the Office of the Collector, Sidhi (Madhya Pradesh), or at the Office of the Coal Controller, 1, Council House Street, Calcutta.

All persons interested in the land covered by this notification shall deliver all maps, charts and other documents referred to in sub-section (7) of Section 13 of the said Act to the Revenue Officer, Central Coalfields Limited, Darbhanga House, Ranchi, within 90 days from the date of publication of this notification in the Official Gazette.

SCHEDULE

Muher, Amlori, Nigahi, Jhingurda Extn. & Kakri Extn. Blocks

Singrauli Coalfields

District Sidhi

Madhya Pradesh

Drg. No. Rev/35/78
Dated 22-7-78

(showing lands notified for prospecting)

Muher Block

Serial Number	Village	Tahsil	Tahsil Number	District	Area	Remarks
1.	Amlori	Singrauli	6	Sidhi		Part
2.	Muher	,,	476	,,		,,
3.	Padari	,,	305	,,		,,
4.	Chinagi tola	,,	173	,,		,,
5.	Pukra ramgarh	,,	..	,,		,,
6.	Chokara	,,	178	,,		,,

TOTAL AREA : 5840.00 acres (approximately)
or 2363.33 hectares (approximately)

Boundary description :

A–B line passes through villages Muher, Padari and Chinagitola.

B–C line passes through villages Chinagitola, Pukra Ramgarh, along the part western boundary of village Chokara.

C–D line passes through village Chokara and along the village boundary of part southern boundary of Amlori village.

D–E line passes through villages Amlori and Muher.

E–A line passes through village Muher and meets at starting point 'A'.

Amlori Block

Serial No.	Village	Tehsil	Tehsil Number	District	Area	Remarks
1.	Amlori	Singrauli	6	Sidhi		Part
2.	Muher	,,	476	,,		,,
3.	Naugarh	,,	..	,,		,,
4.	Kachani	,,	..	,,		,,
5.	Dasauti	,,	..	,,		Full
6.	Bharwa	,,	181	,,		,,
7.	Kol Bhorwa	,,	41	,,		,,
8.	Purewa	,,	309	,,		Part
9.	Amjhar	,,	7	,,		,,
10.	Nawa Nagar	,,	129	,,		,,
11.	Majan Kala	,,	..	,,		,,

TOTAL AREA : 5915.00 acres (approximately)
or 2393.68 hectares (approximately)

Boundary description :

E–D line passes through villages Muher and Amlori (which forms common boundary with Muher Block).

D–H line passes through villages Amlori, Naugarh.

H–G line passes through villages Naugarh, Kachani, Majan Kala and Nawa Nagar.

G–F line passes through villages Nawa Nagar, Amjhar, Purewa and Muher.

F–E line passes through village Muher and meets at starting point 'E'.

Nigahi Block

Serial Number	Village	Tehsil	Tehsil Number	District	Area	Remarks
1.	Madhauli	Singrauli	446	Sidhi	Part	
2.	Nigahi	,,	288	,,	,,	
3.	Chhan Pathar	,,	184	,,	Full	
4.	Purewa	,,	309	,,	Part	
5.	Muher	,,	476	,,	,,	
6.	Amjhar	,,	7	,,	,,	
7.	Nawa Nagar	,,	129	,,	,,	
8.	Ghorauli Khurd	,,	117	,,	,,	
9.	Ghorauli Kala	,,	116	,,	,,	
10.	Itwa	,,	..	,,	,,	
11.	Binauli	,,	170	,,	,,	
12.	Pipra Lal tola	,,	..	,,	,,	
13.	Jaitpur	,,	..	,,	,,	
14.	Sarsobah Raja Tola	,,	224	,,	,,	
15.	Garda	,,	,,	,,	,,	
16.	Murhbani	,,	205	,,	,,	

TOTAL AREA : 6020.00 acres (approximately)
or 2436.17 hectares (approximately)

Boundary description :

F–G line passes through villages Muher, Purewa, Amjhar and Nawa Nagar (which forms common boundary with Amlori Block).

G–I line passes through villages Nawa Nagar, Ghorauli Khurd, Ghorauli Kala, Itwa, Binauli, Pipra Lal Tola and Jaitpur.

I–J line passes along the common boundary of villages Jaitpur and Sarsobah Lal Tola and part common boundary of villages Sarsobah Raja Tola and Sarsobah Lal tola.

J–K–L–M–N–lines pass through villages Sarsobah Raja tola, Jaitpur, Garda, along part common boundary of villages Garda & Murhbani and Murhbani & Binauli, through villages Murhbani, Nigahi & Madhouli (which forms common boundary of Jayant Block acquired under section 9(1) of the Coal Act.)

N–F line passes through villages Madhauli, Nigahi and Muher and meets at starting point 'F'.

Jhingurda Extension Block

Serial Number	Village	Tahsil	Tahsil Number	District	Area	Remarks
1.	Churki	Deosar	..	Sidhi	Part	
2.	Jhingurda	Singrauli	206	,,	,,	

TOTAL AREA : 1460.00 acres (approximately)
or 590.83 hectares (approximately).

Boundary description :

O–P line passes through village Churki of Deosar Tahsil and Jhingurda of Singrauli Tahsil.

P–Q line passes through village Jhingurda (which forms part common boundary of the area acquired under section 9(1) of the Coal Act for Jhingurda Block).

Q–R line passes along the part common boundary of villages Churki of Deosar Tahsil and village Jhingurda of Singrauli Tahsil [which forms part common boundary of Jhingurda Block acquired under section 9(1) of the Coal Act].

R–S line passes through village Jhingurd (which forms part common boundary of Jhingurda Block acquired u/s 9(1) of the Coal Act).

S–T line passes through village Jhingurda of Singrauli Tahsil and Churki of Deosar Tahsil.

T–O line passes through village Churki of Deosar Tahsil and meets at starting point 'O'.

Kakari Extension Block

Serial Number	Village	Tansil	Tahsil Number	Distriot	Area	Remarks
1.	Churidah	Singrauli	..	Sidhi	Part	

TOTAL AREA : 82.00 acres (approximately)
or 33.18 hectares (approximately)

Boundary description :

U–V–W lines pass through village Churidah.

W–U line passes along the part eastern boundary of village Churidah (which forms part common boundary of Madhya Pradesh and Uttar Padesh and also forms with part of Kakari Block of Uttar Pradesh area).

[No. 19(44)/78-CL(I)]
S.R.A. RIZVI, Director

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

नई दिल्ली, 22 नवम्बर, 1978

का०आ० 3556:—भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् अधिनियम, 1956 (1956 का 102 वां) की धारा 11 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् के साथ परामर्श करने के उपरान्त एतद्द्वारा उक्त अधिनियम की पहली अनुसूची में निम्नलिखित और संशोधन करती है, नामतः

उक्त अधिनियम की पहली अनुसूची में मिथिला विश्व-विद्यालय से संबंधित प्रविष्टियों के अन्तर्गत निम्नलिखित वाक्यांश को हटा दिया जायेगा, नामतः

" इस अर्हता को केवल तभी चिकित्सीय अर्हता माना जाएगा जब वह 5 फरवरी, 1975 को अथवा उससे पहले प्रदान की गई हो।

[सं० वी० 11015/13/78- एम० ई० (पी)]

MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

(Department of Health)

New Delhi, the 22nd November, 1978

S.O. 3556.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 11 of the Indian Medical Council Act, 1956 (102 of 1956), the Central Government after consulting Medical Council of India hereby makes the following further amendments in the First Schedule to the said Act, namely :—

In the First Schedule to the said Act, the following clause appearing under the entries relating to Mithila University shall be omitted, namely :—

"This qualification shall be recognised medical qualification only when granted on or before the 5th February, 1975."

[No. V. 11015|13|78-M.E.(P)]

का०आ० 3557:—यतः भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम 1956 (1956 का 102) की धारा 3 की उप धारा (i) के खण्ड (ख) के उपबन्धों के अनुसरण में कानपुर विश्वविद्यालय ने चिकित्सा संकाय में डीन एवं जी० एस० एम० मेडिकल कालेज में प्रधानाचार्य डा० हरिशचन्द्र वर्मा को 23 जुलाई, 1978 से भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् का सदस्य निर्वाचित किया है।

अतः अब उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा भूतपूर्व स्वास्थ्य मंत्रालय की 9 जनवरी, 1960 की अधिसूचना सं० एस० ओ० 138 में निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात :—

उक्त अधिसूचना में "धारा 3 की उपधारा (i) के खण्ड (ख) के अधीन निर्वाचित" शीर्ष के अन्तर्गत क्रम संख्या 49 तथा उससे संबंधित प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित क्रम संख्या तथा प्रविष्टि रखी जाएगी, अर्थात :—

"49 डा० हरिशचन्द्र वर्मा,
डीन, चिकित्सा संकाय एवं प्रधानाचार्य,
जी० एस० वी० एम० मेडिकल कालेज, कानपुर"।

[सं० वी० 11013/1/78- एम० ई० (पी)]

आर० वी० श्रीनिवासन्, उप सचिव

S.O. 3557.—Whereas in pursuance of the provisions of clause (b) of sub-section (i) of section 3 of the Indian Medical Council Act, 1956 (102 of 1956), Dr. Harish Chandra Verma, Dean Faculty of Medicine and Principal G.S.V.M. Medical College, Kanpur, has been elected by the Kanpur University to be a member of the Medical Council of India with effect from the 23rd July, 1978 ;

Now, therefore, in pursuance of the provisions of sub-section (1) of section 3 of the said Act, the Central Government hereby makes the following further amendments in the notification of the late Ministry of Health No. S.O. 138 dated the 9th January, 1960, namely :—

In the said notification under the heading "Elected under clause (b) of Sub-section (1) of section 3", for Serial No. 49 and the entry relating thereto, the following serial No. and entry shall be substituted, namely :—

"49. Dr. Harish Chandra Verma,
Dean, Feculty of Medicine and
Principal, G. S. V. M. Medical College,
KANPUR."

[No. V. 11013|1|78-M.E. (Policy)]

R. V. SRINIVASAN, Secy.

(स्वास्थ्य विभाग)

नई दिल्ली, 23 नवम्बर, 1978

का० आ० 3558:—लोक परिसर (अधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 (1971 का 40) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा डा० सी० के० राव, उप निदेशक को सरकार के एक राजपत्रित अधिकारी होने के नाते डा० बी.एल. वट्टल, उप निदेशक के स्थान पर राष्ट्रीय संचारी रोग संस्थान 22 शामनाथ मार्ग, दिल्ली में उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए सम्पदा अधिकारी के पद पर नियुक्त करती है और निदेश देती है कि उक्त अधिकारी राष्ट्रीय संचारी रोग संस्थान-22 शामनाथ मार्ग, दिल्ली से और उसके प्रशासकीय नियंत्रण से संबंधित पट्टे पर लिए गये या उक्त संस्था की ओर से लिये गये परिसरों के बारे में उक्त अधिनियम के द्वारा या उसके अंतर्गत सम्पदा अधिकारियों को दी गई शक्तियों का प्रयोग करेगा और सौंपे गये कर्तव्यों को करेगा।

[संख्या टी० 17020/12/77-सी० सी०डी०]

आनन्द प्रकाश अत्री, उपसचिव,

(Department of Health)

New Delhi, the 23rd November, 1978

S.O. 3558.—In exercise of the powers, conferred by Setcion 3 of the Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupants) Act, 1971 (40 of 1971), the Central Government hereby appoints Dr. C. K. Rao, Deputy Director in place of Dr. B.L. Wattal, Deputy Director, at the National Institute of Communicable Diseases, 22-Shamnath Marg, Delhi, being a Gazetted Officer of the Government, as Estate Officer for the purposes of the act, and directs that the said Officer shall exercise the powers conferred and perform the duties imposed on Estate Officers by or under the said Act, in respect of the premises belonging to or taken on lease by or on behalf of the National Institute of Communicable Diseases, 22-Shamnath Marg, Delhi, and under the Administrative control of the said Institute.

[No. T. 17020|12|77-CCD]

ANAND PRAKASH ATRI, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 25 नवम्बर, 1978

का०आ० 3559.—यतः केन्द्रीय सरकार ने दन्त चिकित्सा अधिनियम, 1948 (1948 का 16वां) की धारा 3 की खण्ड (घ) के अनुसरण में डा० सत्य पाल सचदेव को 28 सितम्बर, 1978 से भारतीय दन्त-चिकित्सा परिषद् का सदस्य मनोनीत किया है;

अतः अब उक्त अधिनियम की धारा 3 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा 25 फरवरी, 1978 के भारत के राजपत्र भाग 2, खण्ड 3 उपखण्ड (ii) में पृष्ठ 579 पर एस०ओ० 533 दिनांक 9 फरवरी, 1978 के रूप में पुनः प्रकाशित अद्यतन तथा संशोधित भारत सरकार

के भूतपूर्व स्वास्थ्य मंत्रालय की 12 अप्रैल, 1948 की अधिसूचना संख्या 10-10/48—एम० .1 में निम्नलिखित और संशोधन करती है, नामतः

उक्त अधिसूचना में शीर्षक "धारा 3 के खण्ड (च) के अन्तर्गत मनोनीत" के अन्तर्गत क्रम संख्या 6 तथा तत्सम्बन्धी प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित की जाए, अर्थात् :—

"6. डा० सत्यपाल सचदेव डा० सचदेव लेन, 7, अन्सारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली-110002.	केन्द्रीय सरकार	28-9-1978"

[संख्या वी० 12013/2/78—पी० एम० एस०]
एन० ए० सुब्रामनी, अवर सचिव

New Delhi, the 25th November, 1978

S.O. 3559.—Whereas the Central Government have in pursuance of clause (f) of section 3 of the Dentists Act, 1948 (16 of 1948), nominated Dr. Satya Pal Sachdev, to be a member of the Dental Council of India, with effect from the 28th September, 1978;

Now, Therefore, in pursuance of section 3 of the said Act, the Central Government hereby makes the following further amendments in the notification of the Government of India in the late Ministry of Health No. F.10-10/48-MI, dated the 12th April, 1948 as republished as amended up-to-date in the Gazette of India Part II-Section 3-Sub-section (ii), dated the 25th February, 1978 as S.O. 533, dated 9th February, 1978 on page 579, namely :—

In the said notification, under the heading "Nominated under clause (f) of section 3", for serial No. 6 and the entries relating thereto, the following shall be substituted, namely :—

"6. Dr. Satya Pal Sachdev, Dr. Sachdev Lane, 7, Ansari Road, Darya Ganj, New Delhi-110002.	Central Government	28-9-1978"

[No. V. 12013/2/78-PMS]
N.A. SUBRAMONEY, Under Sec.

MINISTRY OF AGRICULTURE & IRRIGATION
(Department of Food)

New Delhi, the 4th December, 1978

CORRIGENDA

S.O. 3560.—In the order of the Government of India in the Ministry of Agriculture and Irrigation (Department of Food) No. SO 695(E) dated 1-12-1978 published in the Gazette of India Extraordinary, Part II Section 3—Sub-section (ii) dated 1-12-1978 :—

at page 1496—
in the penultimate line of the penultimate para,
for the word "liability"
read "inability"

[No. SUG/112/78-79]

S.O. 3561.—In the order of the Government of India in the Ministry of Agriculture and Irrigation (Department of Food) No. SO 696(E) dated 1-12-1978 published in the Gazette of India Extraordinary, Part II Section 3—Sub-section (ii) dated 1-12-1978 :—

at page 1496—
in the penultimate line of the penultimate para,
for the word "liability"
read "inability"

[No. SUG/104/78-79]
C. N. RAGHAVAN, Jt. Secy.

नौवहन और परिवहन मंत्रालय
(परिवहन पक्ष)

नई दिल्ली, 23 नवम्बर, 1978

का०आ० 3562.—मद्रास डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) स्कीम, 1956 में और संशोधन करने के लिए एक स्कीम का प्रारूप, जिसे केन्द्रीय सरकार डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) अधिनियम, 1948 (1948 का 9) की धारा 4 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बनाना चाहती है, उक्त उपधारा की अपेक्षानुसार उन सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जा रहा है जिनके उससे प्रभावित होने की सम्भावना है; और यह सूचना दी जाती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से दो मास बीतने पर या उसके पश्चात उक्त प्रारूप पर विचार किया जाएगा ।

उक्त प्रारूप के बारे में जो भी आक्षेप या सुझाव इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि से पूर्व प्राप्त होंगे उन पर केन्द्रीय सरकार विचार करेगी ।

स्कीम का प्रारूप

1. इस स्कीम का नाम मद्रास डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) संशोधन स्कीम, 1978 है ।

2. मद्रास डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) स्कीम, 1956 में,—

(i) खण्ड 16 के उपखण्ड (2) की मद (ग) में "विचमैन" शब्द के स्थान पर "विच ड्राइवर" शब्द रखे जाएंगे;

(ii) खण्ड 42 में पार्श्व शीर्ष सहित जहां कहीं भी "विच मैन" शब्द आया है उसके स्थान पर "विच ड्राइवर" शब्द रखे जाएंगे;

(iii) अनुसूची-1 की मद (2) की उप मद (ग) में "विच मैन" शब्द के स्थान पर "विच ड्राइवर" शब्द रखे जाएंगे;

(iv) अनुसूची 2 में "विच मैन" शब्द के स्थान पर "विच ड्राइवर" शब्द रखे जाएंगे ।

[सं० एल०डी०एम०/17/78]

MINISTRY OF SHIPPING & TRANSPORT
(Transport Wing)

New Delhi, the 23rd November, 1978

S.O. 3562.—The following draft of a Scheme further to amend the Madras Dock Workers (Regulation of Employment) Scheme, 1956, which the Central Government proposes to make in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 4 of the Dock Workers (Regulation of Employment) Act, 1948 (9 of 1948), is hereby published as required by the said sub-section for the information of all persons likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said draft will be taken into consideration on after the expiry of a period of two months from the date of publication of this notification in the official Gazette.

Any objections or suggestions which may be received from any person with respect to the said draft before the period so specified will be taken into consideration by the Central Government.

DRAFT SCHEME

1. This Scheme may be called the Madras Dock Workers (Regulation of Employment) Amendment Scheme, 1978.

2. In the Madras Dock Workers (Regulation of Employment) Scheme, 1956,—

(i) in item (c) of sub-clause (2) of clause 16; for the word 'Winchman', the word 'Winch Driver' shall be substituted;

(ii) in clause 42 including the marginal heading, for the word 'Winchman', wherever it occurs, the word 'Winch Driver' shall be substituted;

(iii) in sub-item (c) of item (2) in Schedule I, for the word 'Winchman', the word 'Winch Driver' shall be substituted;

(iv) in Schedule II for the word 'Winchman', the word 'Winch Driver' shall be substituted.

[No. LDM/17/78]

नई दिल्ली, 24 नवम्बर, 1978

का०आ० 3563.—केन्द्रीय सरकार, डाक कर्मकार (नियोजन का विनियम) अधिनियम, 1948 (1948 का 9) की धारा 8 की उपधारा (1) और (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) नियम, 1962 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:—

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) संशोधन नियम 1978, है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन, नियम, 1962 में, नियम 4 में, अन्तिम वाक्य में, "इस नियम के अधीन प्रत्येक रिक्ति" शब्दों के पश्चात्, "जिसमें किसी सदस्य की मृत्यु से हुई रिक्ति भी सम्मिलित है" शब्द अन्तःस्थापित किये जायेंगे।

[एल०बी०-6/174/78-एल०-III]
वी० शंकरलिंगम, अवर सचिव

New Delhi, the 24th November, 1978

S.O. 3563.—In exercise of the powers conferred by sub-Section (1) and (2) of section 8 of the Dock Workers (Regulation of Employment) Act, 1948 (9 of 1968), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Dock Workers (Regulation of Employment) Rules, 1962, namely:—

1. (1) These rules may be called the Dock Workers (Regulation of Employment) Amendment Rules, 1978.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Dock Workers (Regulation of Employment) Rules, 1962, in rule 4, in the last sentence, after the words "Every vacancy under this rule" the words "including a vacancy occurring by reason of the death of a member," shall be inserted.

[LDO/174/78-L. III]
V. SANKARALINGAM, Under Secy.

परमाणु ऊर्जा विभाग

बम्बई, 20 अक्तूबर, 1978

का०आ० 3564.—राष्ट्रपति, केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के नियम 12 के उप नियम (2) के खण्ड (ख) के अन्तर्गत प्रदत्त, तथा इस संबंध में कार्रवाई करने के लिए अधिकार देने वाली अन्य सभी, शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निदेश देते हैं कि परमाणु ऊर्जा विभाग अथवा उसके किसी भी यूनिट में सामान्य केन्द्रीय सेवा, वर्ग 'ख' में शामिल केन्द्रीय सिविल पदों पर नियुक्त व्यक्तियों के सम्बन्ध में उपर्युक्त नियम के नियम 11 में विनिर्दिष्ट दण्डों में से कोई भी दंड परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव दे सकेंगे। उनका यह अधिकार केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियन्त्रण और अपील) नियम, 1965 के अन्तर्गत उपर्युक्त वर्ग के अधिकारियों को उक्त दण्डों में से कोई भी दण्ड देने के लिए प्राधिकृत किसी अन्य प्राधिकारी की शक्ति को प्रतिकूलतः प्रभावित नहीं करेगा।"

राष्ट्रपति के आदेश से एवं उनके नाम में

[संख्या सी-14011(1)/78-बी०ए०आर०सी०]

पी० बी० देसाई, निदेशक

DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY

Bombay, the 20th October, 1978

S.O. 3564.—In exercise of the powers conferred under clause (b) of sub-rule (2) of Rule 12 of Central Civil Services (Classification, Control and Appeal) Rules, 1965, and all other enabling powers in this behalf, the President hereby directs that in respect of person appointed to Central Civil posts included in the General Central Service, Group B in the Department of Atomic Energy or in any of its constituent units, any of the penalties specified in Rule 11 of the said Rules may be imposed by the Secretary, Department of Atomic Energy. This is without prejudice to the powers of any other authority to impose any of the said penalties on the said class of officers under the Central Civil Services (Classification, Contol and Appeal) Rules, 1965.

By order and in the name of the President

[No. C-14011(1)/78-BARC]

P.B. DESAI, Director

निर्माण और आवास मंत्रालय

नई दिल्ली, 17 नवम्बर, 1978

का०आ० 3565.—यतः, केन्द्रीय सरकार तथा दिल्ली विकास प्राधिकरण के बीच शर्तों पर सहमति हो गई है कि जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित सारणी में निर्दिष्ट नजूल भूमि को दिल्ली विकास प्राधिकरण को अपने कब्जे में ले लिया जायेगा।

अतः दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 (1957 का 61) की धारा 22 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार निम्नलिखित सारणी में उल्लिखित नजूल भूमि को हरित भूमि के रूप में विकास करने और अनुरक्षण के प्रयोजन तथा उक्त प्रयोजनों के लिए अपेक्षित कार्रवाई करने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण के सुपुर्द इस शर्त पर करती है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण उक्त भूमि पर कोई निर्माण कार्य न करे या न करने दे या निर्माण करने की अनुमति न दे तथा केन्द्रीय सरकार को जब भी इसकी आवश्यकता होगी, उस भूमि को या उसके किसी भाग को जैसी भी आवश्यकता हो केन्द्रीय सरकार को लौटा देगा।

सारणी

क्रम संख्या	स्थान के ब्यौरे	फुल क्षेत्र	अनुसूची
1	2	3	4
1.	वाटर वर्क्स मेगजिन रोड	22.91 एकड़	उत्तर में वाटर वर्क्स दक्षिण में वाटर वर्क्स पूर्व में राष्ट्रीय वाहन मार्ग पश्चिम में वाटर वर्क्स मैगजीन रोड ।
2.	मिन्टो रोड क्षेत्र में प्रसूति अस्पताल के समीप बैरन रोड पर स्थल ।	0.047 एकड़	मिन्टो रोग क्षेत्र
3.	1 से 21 टैगोर लेन 2 से 6 टैगोर रोड़	0.758 एकड़	,,
4.	1 से 7 बैरन रोड	0.344 एकड़	,,
5.	10 टैगोर लेन तथा 8 से 66 टैगोर रोड	0.516 एकड़	,,
6.	44 तथा 46 थाम्पसन वार्ड	0.147 एकड़	,,
7.	1 से 5 टैगोर रोड	0.382 एकड़	,,
8.	40 बैरन रोड	0.170 एकड़	,,
9.	42 से 72 बैरन रोड	0.764 एकड़	,,
10.	2 से 8 मिन्टो रोड तथा 46 से 56 टैगोर रोड	0.610 एकड़	,,
11.	5 और 7 आहिल्या रोड	0.118 एकड़	,,
12.	13 मिन्टो रोड	0.118 एकड़	,,
13.	2 से 40 रणजीत रोड	4.129 एकड़	,,
14.	21 से 23 मीरवर्द रोड	0.278 एकड़	,,
15.	53 से 63 मीरवर्द रोड	1.250 एकड़	,,
16.	10, माता सुन्दरी लेन	0.133 एकड़	,,
17.	14 से 16 माता सुन्दरी लेन	0.367 एकड़	,,
18.	20, कोटला रोड	0.165 एकड़	,,
19.	4, कोटला रोड	0.165 एकड़	,,
20.	154, राऊस ऐवेन्यू	0.165 एकड़	,,
21.	183, 185 राऊस ऐवेन्यू	0.429 एकड़	,,
22.	191 राऊस ऐवेन्यू	0.195 एकड़	,,
23.	153 राऊस ऐवेन्यू	0.022 एकड़	,,
24.	131, 129 राऊस ऐवेन्यू	0.041 एकड़	,,
25.	127 राऊस ऐवेन्यू	0.041 एकड़	,,
26.	103 राऊस ऐवेन्यू	0.041 एकड़	,,
27.	81 राऊस ऐवेन्यू	0.022 एकड़	,,
28.	2 से 6 राऊस ऐवेन्यू	0.053 एकड़	,,
29.	28 से 74 राऊस ऐवेन्यू	0.193 एकड़	,,
30.	55 से 79 राऊस ऐवेन्यू	0.482 एकड़	,,
31.	46 से 70 राऊस ऐवेन्यू	0.610 एकड़	,,
32.	22/20 टैगोर रोड के कोने पर	0.082 एकड़	,,
33.	30/32 टैगोर रोड के कोने पर	0.069 एकड़	,,
34.	64 से 72 थाम्पसन रोड के पीछे	0.115 एकड़	,,
35.	69 टैगोर रोड के पीछे	0.112 एकड़	,,
36.	66-68 टैगोर रोड के कोने पर	0.112 एकड़	मिन्टो रोड क्षेत्र
37.	71-73 बैरन रोड के कोने पर	0.082 एकड़	,,
38.	89-87 बैरन रोड के कोने पर	0.082 एकड़	,,
39.	122 बैरन रोड के साथ	0.185 एकड़	,,
40.	27 से 29 मिन्टो रोड के साथ	0.243 एकड़	,,
41.	35 से 37 मिन्टो रोड के बीच की भूमि	0.109 एकड़	,,
42.	15-17 जहांगीर रोड के पीछे 16-18 प्रेस रोड 40-29 आहिल्या रोड	0.278 एकड़	,, ,,
43.	15-27 प्रेस रोड के पीछे 51-43 आहिल्या रोड 12-20 राऊस ऐवेन्यू	0.253 एकड़	,,
44.	60 मिन्टो रोड के साथ	0.069 एकड़	,,
45.	वाटरटैंक मिन्टो रोड	0.184 एकड़	,,
46.	29-53 जहांगीर रोड के पीछे 22-44 प्रेस रोड, 30-48 प्रेस रोड	0.288 एकड़	,,
47.	55-79 जहांगीर रोड 59-81 तुर्कमान रोड 56-80 प्रेस रोड	0.303 एकड़	,,
48.	29 से 53 प्रेस रोड के पीछे 46 से 54 प्रेस लेन 22 से 30 राऊस ऐवेन्यू	0.303 एकड़	,,
49.	55-79 प्रेस रोड के पीछे 53 से 65 तुर्कमान रोड 32 से 36 राऊस ऐवेन्यू	0.303 एकड़	,,
50.	33-35 राऊस ऐवेन्यू के पीछे 56-62 प्रेस लेन	0.082 एकड़	,,
51.	37-45 राऊस ऐवेन्यू 1-5 तुर्कमान रोड	0.082 एकड़	,,
52	93 प्रेस रोड	0.037 एकड़	,,
53.	तुर्कमान रोड के साथ	0.030 एकड़	,,
54.	3 राऊस ऐवेन्यू के पीछे क्वार्टर नं० 1-13 तथा 30-42	0.137 एकड़	,,
55.	ब्लाक नं० 3, राऊस ऐवेन्यू के पीछे 15-27 तथा 44-52	0.137 एकड़	,,
56.	10-11 तुर्कमान स्क्वेयर के पीछे कोने पर	0.062 एकड़	,,
57.	14-15 तुर्कमान स्क्वेयर के पीछे कोने पर	0.062 एकड़	,,
58.	2/6 राऊस ऐवेन्यू के साथ	0.052 एकड़	,,
59.	मीरवर्द रोड तथा तुर्कमान रोड के मध्य नं० 1	0.329 एकड़	,,
60.	तुर्कमान रोड तथा मीरवर्द रोड के चौराहे पर	0.403 एकड़	,,

1	2	3	4
61.	15-16 प्रेस प्लेस के बीच	0.060 एकड़	मिन्टो रोड क्षेत्र"
62.	18 प्रेस रोड स्थल	0.037 एकड़	,,
63.	112 प्रेस रोड के कोने का स्थल	0.211 एकड़	,,
64.	28 प्रेस लेन के कोने का स्थल	0.037 एकड़	,,
65.	113 प्रेस रोड के पीछे	0.088 एकड़	,,
66.	रेलवे लाइन चहार दीवारी का स्थल	1.322 एकड़	,,

[सं० जे० 13011/6/75-एल० /I/III]

MINISTRY OF WORKS AND HOUSING

New Delhi, the 17th November, 1978

S.O. 3565.—Whereas the terms and conditions upon which nazul lands specified in the Table below will be taken over by the Delhi Development Authority have been agreed upon between the Central Government and that Authority.

Now, Therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 22 of the Delhi Development Act, 1957 (61 of 1957), the Central Government hereby places, with immediate effect, the nazul lands specified in the table below at the disposal of the Delhi Development Authority for the purpose of Development and maintenance of the said lands as green and for taking such steps as may be required to serve the said purpose, subject to the condition that the Delhi Development Authority should not make, or cause or permit to be made, any construction of the said lands and shall, when required by the Central Government so to do, replace the said lands or any portion thereof as may be so required at the disposal of the Central Government.

TABLE

S. No.	Details of place	Total Area	Schedule
1	2	3	4
1.	Water works Magazine Road	22.91 acres	North by W. Works South by W. Works East by National by pass West by W.W, towards Magazine Road.
2.	Site on Barron Road near Maternity Hospital Minto Road Area	0.047 ,,	Minto Road Area
3.	1 to 21 Tagore Lane 2 to 6 Tagore Road	0.758 ,,	,,
4.	1 to 7 Barron Road	0.344 ,,	,,
5.	10 Tagore Lane and 8 to 66 Tagore Road	0.516 ,,	,,
6.	44 and 46 Thompson Ward	0.147 ,,	,,
7.	1 to 5 Tagore Road	0.382 ,,	,,
8.	40 Barron Road	0.170 ,,	,,
9.	42 to 72 Barron Road	0.764 ,,	,,
10.	2 to 8 Minto Road and 46 to 56 Tagore Road	0.610 acres	Minto
11.	5 and 7 Ahilya Road	0.118 ,,	Road area
12.	13 Minto Road	0.118 ,,	,,
13.	2 to 40 Ranjit Road	4.129 ,,	,,
14.	21 to 23 Mirdard Road	0.278 ,,	,,
15.	53 to 63 Mirdard Road	1.250 ,,	,,
16.	10 Mata Sundry Lnea	0.133 ,,	,,
17.	14 to 16 Mata Sundry Lane	0.367 ,,	,,
18.	20 Kotla Road	0.165 ,,	,,
19.	4 Kotla Road	0.165 ,,	,,
20.	184 Rouse Avenue	0.165 ,,	,,
21.	183, 185 Rouse Avenue	0.429 ,,	,,
22.	191 Rouse Avenue	0.195 ,,	,,
23.	153 Rouse Avenue	0.022 ,,	,,
24.	131, 129 Rouse Avenue	0.041 ,,	,,
25.	127 Rouse Avenue	0.041 ,,	,,
26.	103 Rouse Avenue	0.041 ,,	,,
27.	81 Rouse Avenue	0.022 ,,	,,
28.	2 to 6 Rouse Avenue	0.053 ,,	,,
29.	28 to 74 Rouse Avenue	0.193 ,,	,,
30.	56 to 79 Rouse Avenue	0.482 ,,	,,
31.	46 to 70 Rouse Avenue	0.610 ,,	,,
32.	At corner of 22/20 Tagore Road	0.082 ,,	,,
33.	At corner of 30/32 Tagore Road	0.069 ,,	,,
34.	At back of 64 to 72	0.115 ,,	,,
35.	At the back of 69 Tagore Road	0.112 ,,	,,
36.	At the corner of 66-68 Tagore Road	0.112 ,,	,,
37.	At the corner of 71-73 Barron Road	0.082 ,,	,,
38.	At the corner of 89-87 Barron Road	0.082 ,,	,,
39.	Side of 122 Barron Road	0.185 ,,	,,
40.	Side of 27 to 29 Minto Road	0.243 ,,	,,
41.	Land between 35 to 37 Minto Road	0.109 ,,	,,
42.	Back side of 15-17 Jahangir Road 16-18 Press Road 40-29 Ahilya Road	0.278 ,,	,,
43.	Back side of 15-27 Press Rd. 51-43 Ahilya Road 12-20 Rouse Avenue	0.253 ,,	,,
44.	Side of 60 E Minto Road	0.069 ,,	,,
45.	Water Tank Minto Road	0.184 ,,	,,
46.	Back side 29-53 Jahagir Road 22-44 Press Road, 30-48 Press Road	0.288 ,,	,,
47.	55-79 Jahangir Road, 59-81 Turkman Road, 56-80 Press Road	0.303 ,,	,,
48.	Back side of 29 to 53 Press Road 46 to 54 Press Lane 22 to 30 Rouse Avenue	0.303 ,,	,,

1	2	3	4
49.	At the back of 55-79 Press Road 53 to 65 Turkman Road, 32 to 36 Rouse Avenue .	0.303 acres	Minto Road Area
50.	Back side of 33-35 Rouse Avenue, 50-62 Press Lane. . .	0.082 ,,	,,
51.	37-45 Rouse Avenue, 1-5 Turkman Rd .	0.082 ,,	,,
52.	93 Press Road . .	0.037 ,,	,,
53.	Side of 6 Turkman Road . . .	0.030 ,,	,,
54.	Back of block No. 3, Rouse Avenue, 15-27 and 44-52 . .	0.137 ,,	,,
55.	Back of block 3 Rouse Avenue Qrs. No. 1-13 and 30-42 . . .	0.137 ,,	,,
56.	Corner at the back of 10-11 Turkman Square	0.062 ,,	,,
57.	Corner at the back of 14-15 Turkman Square	0.062 ,,	,,
58.	Side of 2/6 Rouse Avenue . . .	0.052 ,,	,,
59.	Between No. 1, Mirdard Road and Turkman Road . .	0.329 ,,	,,
60.	At the crossing of Turkman Road* .	0.403 ,,	,, *and Mirdard Road.
61.	Between 15-16 Press Place . . .	0.060 ,,	,,
62.	180 Press Road Site .	0.037 ,,	,,
63.	Site corner of 112 press Road . . .	0.211 ,,	,,
64.	Site corner of 28 Press Lane . . .	0.037 ,,	,,
65.	Back of 113 Press Road . . .	0.088 ,,	,,
66.	Site of Railway Line Boundary Wall . .	1.322 ,,	,,

[No. J-13011/6/75-L. I/III]

नई दिल्ली, 22 नवम्बर, 1978

का०आ० 3566.—यतः, केन्द्रीय सरकार तथा दिल्ली विकास प्राधिकरण के बीच शर्तों पर सहमति हो गई है जिनके अन्तर्गत निम्नलिखित सारणी में निर्दिष्ट नजूल भूमि का दिल्ली विकास प्राधिकरण को अपने दखल में ले लिया जायेगा ।

अतः दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 (1957 का 61) की धारा 22 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार निम्नलिखित सारणी में उल्लिखित नजूल भूमि को हरित भूमि के रूप में विकास करने और अनुरक्षण के प्रयोजन तथा उक्त प्रयोजनों के लिए अपेक्षित कार्रवाई करने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण के सुपुर्द इस शर्त पर करती है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण उक्त भूमि पर कोई निर्माण कार्य न करें या न करने दें या निर्माण करने की अनुमति न दे तथा केन्द्रीय सरकार को जब भी इसकी आवश्यकता होगी, उस भूमि को या उसके किसी भाग, जैसी भी आवश्यकता हो, केन्द्रीय सरकार को लौटा देगा ।

क्रम संख्या	स्थान के ब्यौरे	कुल क्षेत्र	अनुसूची
1.	मीरदर्द रोड के उत्तर में जहां यह रोड माता सुन्दरी रोड के साथ मिलता है, उसके समीपस्थ ।	6 एकड़	उत्तर में—इर्विन अस्पताल दक्षिण में—मीरदद रोड तथा सरकारी क्वार्टर पूर्व में—इर्विन अस्पताल तथा 64 खम्बा रोड मस्जिद पश्चिम में—माता सुन्दरी रोड तथा सरकारी क्वार्टर

[सं० जे० 13011/6/75-एल० I/III]
वी० एस० कटारा, संयुक्त सचिव

New Delhi, the 22nd November 1978

S.O. 3566.—Whereas the terms and conditions upon which nazul lands specified in the Table below will be taken over by the Delhi Development Authority have been agreed upon between the Central Government and that Authority.

Now, Therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 22 of the Delhi Development Act, 1957 (61 of 1957), the Central Government hereby places, with immediate effect, the nazul lands specified in the Table below at the disposal of the Delhi Development Authority for the purpose of development and maintenance of the said lands as green and for taking such steps as may be required to serve the said purpose, subject to the condition that the DelhiDevelopment Authority shall not make, or cause or permit to be made, any construction on the said lands and shall, when required by the Central Government so to do, replace the said lands or any portion thereof as may be so required at the disposal of the Central Government.

TABLE

Location	Area	Schedule of boundary
North of Mirdard Road near its junction with Mata Sundari Road	6 acres	North—Irwin Hospital South—Mirdard Road and Govt. quarters East—Irwin Hospital and 64-Khamba Road Mosque. West—Mata Sundari Road and Govt. quarters

[No. J-13011/6/75-LI/III]
V.S. KATARA, Jt. Secy.

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली, 16 नवम्बर, 1978

का० आ० 3567.—चलचित्र अधिनियम, 1962 की धारा 5(1) और चलचित्र (सेंसर) नियमावली, 1958 के नियम 9 के उप-नियम (1) के साथ पठित नियम 8 के उपनियम (3) के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार ने केन्द्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड से परामर्श

करने के बाद, एतद्द्वारा निम्नलिखित और व्यक्तियों को तत्काल से अगले आदेश तक, उक्त बोर्ड के मद्रास सलाहकार पैनल का सदस्य नियुक्त किया है:—

मलयालम

1. श्री एम० सदानन्द मेनन,
2. श्रीमती आशा जॉर्ज
3. श्रीमती निर्मला मेनन

[फाइल संख्या 11/9/77-एफ०सी०]

सुरेन्द्र कुमार शर्मा, उप-सचिव

MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING

New Delhi, the 16th November, 1978

S.O. 3567.—In exercise of the powers conferred by Section 5(1) of the Cinematograph Act, 1952 and Sub-rule (3) of Rule 8 read with Sub-rule (1) of Rule 9 of the Cinematograph (Censorship) Rules, 1958, the Central Government hereby appoints the following more persons, after consultation with the Central Board of Film Censors, as Members of the Advisory Panel of the said Board at Madras with immediate effect until further orders :

MALAYALAM

1. Shri M. Sadanand Menon.
2. Smt. Asha George.
3. Smt. Nirmala Menon.

[F. No. 11/9/77-FC]

S. K. SHARMA, Dy. Secy.

संचार मंत्रालय

(डाक तार बोर्ड)

नई दिल्ली, 24 नवम्बर, 1978

का०आ० 3568.—स्थायी आदेश संख्या 627, दिनांक 8 मार्च, 1960 द्वारा लागू किए गए भारतीय तार नियम, 1951 के नियम 434 के खंड III के पैरा (क) के अनुसार डाक-तार महानिदेशक ने तुरकायामजल व हैयाथनगर टेलीफोन केन्द्रों में दिनांक 16-12-78 से प्रमाणित दर प्रणाली लागू करने का निश्चय किया है ।

[संख्या 5-8/78-पी०एच०बी]

MINISTRY OF COMMUNICATIONS

(P&T Board)

New Delhi, the 24th November, 1978

S.O. 3568.—In pursuance of para (a) of Section III of Rule 434 of Indian Telegraph Rules, 1951, as introduced by S.O. No. 627 dated 8th March, 1960, the Director General, Posts and Telegraphs, hereby specifies the 16-12-78 as the date on which the Measured Rate System will be introduced in Turkayamjal and Hyathnagar Telephone Exchange, Andhra Circle.

[No. 5-8/78-PHB]

का०आ० 3569.—स्थायी आदेश संख्या 627, दिनांक 8 मार्च, 1960 द्वारा लागू किए गए भारतीय तार नियम, 1951 के नियम 434 के खंड III के पैरा (क) के अनुसार डाक तार महानिदेशक ने कासगंज टेलीफोन केन्द्र में दिनांक 1-1-79 से प्रमाणित दर प्रणाली लागू करने का निश्चय किया है।

[संख्या 5-3/78पी०एच०बी]

S.O. 3569.—In pursuance of para (a) of Section III of Rule 434 of Indian Telegraph Rules, 1951, as introduced by S.O. No. 627 dated 8th March, 1960, the Director General, Posts and Telegraphs, hereby specifies the 1-1-79 as the date on which the Measured Rate System will be introduced in Kasganj Telephone Exchange, U.P. Circle.

[No. 5-3/78-PHB]

का०आ० 3570.—स्थायी आदेश संख्या 627, दिनांक 8 मार्च, 1960 द्वारा लागू किए गए भारतीय तार नियम, 1951 के नियम 434 के खंड III के पैरा (क) के अनुसार डाक-तार महानिदेशक ने मालाप्पुरम टेलीफोन केन्द्र में दिनांक 16-12-78 से प्रमाणित दर प्रणाली लागू करने का निश्चय किया है।

[संख्या 5-10/78 पी०एच०बी]

S.O. 3570.—In pursuance of para (a) of Section III of Rule 434 of Indian Telegraph Rules, 1951, as introduced by S.O. No. 627 dated 8th March, 1960, the Director General, Posts and Telegraphs, hereby specifies the 16-12-78 as the date on which the Measured Rate System will be introduced in Malappuram Telephone Exchange, Kerala Circle.

[No. 5-10/78-PHB]

का०आ० 3571.—स्थायी आदेश संख्या 627, दिनांक 8 मार्च, 1960 द्वारा लागू किए गए भारतीय तार नियम, 1951 के नियम 434 के खंड III के पैरा (क) के अनुसार डाक-तार महानिदेशक ने वृद्धाचलम टेलीफोन केन्द्र में दिनांक 16-1-1979 से प्रमाणित दर प्रणाली लागू करने का निश्चय किया है।

[संख्या 5-25/78-पी०एच०बी०]

S.O. 3571.—In pursuance of para (a) of Section III of Rule 434 of Indian Telegraph Rules, 1951, as introduced by S.O. No. 627 dated 8th March, 1960, the Director General, Posts and Telegraphs, hereby specifies the 16-1-1979 as the date on which the Measured Rate System will be introduced in Vridhachalam Telephone Exchange, Tamil Nadu Circle.

[No. 5-25/78-PHB]

का०आ० 3572.—स्थायी आदेश संख्या 627, दिनांक 8 मार्च 1960 द्वारा लागू किए गए भारतीय तार नियम, 1951 के नियम 434 के खंड III के पैरा (क) के अनुसार डाक-तार महानिदेशक ने देहगाम टेलीफोन केन्द्र में दिनांक 1-1-79 से प्रमाणित दर प्रणाली लागू करने का निश्चय किया है।

[संख्या 5-27/78-पी०एच०बी०]

S.O. 3572.—In pursuance of para (a) of Section III of Rule 434 of Indian Telegraph Rules, 1951, as introduced by S.O. No. 627 dated 8th March, 1960, the Director General, Posts and Telegraphs, hereby specifies the 1-1-79 as the date on which the Measured Rate System will be introduced in Dehgam Telephone Exchange, Gujarat Circle.

[No. 5-27/78-PHB]

का०आ० 3573.—स्थायी आदेश संख्या 627, दिनांक 8 मार्च, 1960 द्वारा लागू किए गए भारतीय तार नियम, 1951 के नियम 434 के खंड III के पैरा (क) के अनुसार डाक-तार महानिदेशक ने नेटयाटिंकारा टेलीफोन केन्द्र में दिनांक 1-1-79 से प्रमाणित दर प्रणाली लागू करने का निश्चय किया है।

[संख्या 5-10/78-पी०एच०बी०]

ह० अपठनीय

सहायक महानिदेशक (पी०एच०बी०)

S.O. 3573.—In pursuance of para (a) of Section III of Rule 434 of Indian Telegraph Rules, 1951, as introduced by S.O. No. 627 dated 8th March, 1960, the Director General, Posts and Telegraphs, hereby specifies the 1-1-79 as the date on which the Measured Rate System will be introduced in Neyyattinkara Telephone Exchange, Kerala Circle.

[No. 5-10/78-PHB]

Sd/- Illegible

Assistant Director General (PHB)

नई दिल्ली, 30 अक्तूबर, 1978

का०आ० 3574.—केन्द्रीय सरकार, सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 (1971 का 40) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत के राजपत्र भाग 2, खंड 3 उपखंड (ii) तारीख 28 मई, 1977 के पृष्ठ 1916–1921 पर प्रकाशित, भारत सरकार के संचार मंत्रालय (डाक तार बोर्ड) की अधिसूचना सं० का० आ० 1576 तारीख 12 मई, 1977 में निम्नलिखित संशोधन करती है अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना के नीचे की सारणी में :—

(i) क्रम सं० 49 के सामने, स्तम्भ 2 में, "सहायक महाप्रबन्धक" शब्दों के स्थान पर "प्रभागीय इंजीनियर टेलीग्राफ" शब्द रखे जाएंगे।

(ii) क्रम सं० 56 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

क्रम संख्या	अधिकारी का पदाभिधान	सरकारी स्थान
1	2	3
57	प्रभागीय इंजीनियर टेलीफोन, जिला प्रबंधक टेलीफोन का कार्यालय, चंडीगढ़	चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र की स्थानीय सीमाओं के भीतर स्थित जिला प्रबन्धक, चंडीगढ़ टेलीफोन के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन स्थान।
58	प्रभागीय इंजीनियर टेलीफोन, जिला प्रबन्धक टेलीफोन का कार्यालय, सूरत	सूरत की स्थानीय सीमाओं के भीतर स्थित जिला प्रबन्धक सूरत टेलीफोन के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन स्थान।
59	प्रभागीय इंजीनियर टेलीफोन, जिला प्रबन्धक टेलीफोन का कार्यालय, लुधियाना	लुधियाना की स्थानीय सीमाओं के भीतर स्थित जिला प्रबन्धक, लुधियाना टेलीफोन के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन स्थान।
60	प्रभागीय इंजीनियर टेलीफोन, जिला प्रबन्धक टेलीफोन का कार्यालय, बड़ौदा	बड़ौदा की स्थानीय सीमाओं के भीतर स्थित जिला प्रबन्धक बड़ौदा टेलीफोन प्रशासनिक नियंत्रणाधीन स्थान।
61	प्रभागीय इंजीनियर टेलीफोन, जिला प्रबन्धक टेलीफोन का कार्यालय, त्रिवेन्द्रम	त्रिवेन्द्रम की स्थानीय सीमाओं के भीतर स्थित जिला प्रबन्धक त्रिवेन्द्रम के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन स्थान।
62	प्रभागीय इंजीनियर टेलीफोन, जिला प्रबन्धक टेलीफोन का कार्यालय, राजकोट	राजकोट की स्थानीय सीमाओं के भीतर स्थित जिला प्रबन्धक, राजकोट के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन स्थान।
63	प्रधानाचार्य, डाक तार प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर	प्रशिक्षण केन्द्र के भीतर स्थित प्रधानाचार्य, डाक तार प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन स्थान।
64	प्रधानाचार्य, डाक प्रशिक्षण केन्द्र, दरभंगा	प्रशिक्षण केन्द्र के भीतर स्थित प्रधानाचार्य, डाक प्रशिक्षण केन्द्र, दरभंगा के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन स्थान।
65	प्रधानाचार्य, डाक प्रशिक्षण केन्द्र, मैसूर	प्रशिक्षण केन्द्र के भीतर स्थित प्रधानाचार्य डाक प्रशिक्षण केन्द्र, मैसूर प्रशासनिक नियंत्रणाधीन स्थान।
66	प्रधानाचार्य, डाक प्रशिक्षण केन्द्र, बड़ौदा	प्रशिक्षण केन्द्र के भीतर स्थित प्रधानाचार्य, डाक प्रशिक्षण केन्द्र बड़ौदा के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन स्थान।

[सं० 2-209/73 एन बी]

ई०जी०एस० सत्यमूर्ति, सहायक महा निदेशक (आर)

New Delhi, the 30th October, 1978

S. O. 3574.—In exercise of the powers conferred by Section 3 of the Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupants) Act, 1971 (40 of 1971), the Central Government hereby makes the following amendments in the notification of the Government of India in the Ministry of Communications (Posts and Telegraphs Board) No. S.O. 1576, dated the 12th May, 1977, published at pages 1916 to 1921 of the Gazette of India, Pat II—Sections 3—Sub-section (ii), dated thd 28th May, 1977, namely:

In the Table below the said notification:—

(i) against Serial No. 49, in column 2, for the words "Assistant General Manager", the words "Divisional Engineer Telegraphs" shall be substituted;

(ii) after serial No. 56 and the entries relating thereto, th following shall be inserted, namely:—

Sl. No.	Designation of officer	Public premises
1	2	3
57.	Divisional Engineer Telephones, Office of the District Manager, Telephones, Chandigarh.	Premises under the administraive control of the District Manager, Chandigarh Telephones situated within the local limits of the Union Territory of Chandigarh.
58.	Divisional Engineer Telephones, Office of the District Manager, Telephones, Surat.	Premises under the administrative control of the District Manager, Surat Telephones, situated within the local limits of Surat.
59.	Divisional Engineer Telephones, Office of the District Manager, Telephones, Ludhiana	Premises under the administrative control of the District Manager, Ludhiana Telephones, situated within the local limits of Ludhiana.
60.	Divisional Engineer Telephones, Office of the District Manager, Telephones, Baroda.	Premises under the administrative control of the District Manager, Baroda, Telephones, situated within the local limits of Baroda.

61. Divisional Engineer Telephones, Office of the District Manager, Telephones, Trivandrum.	Premises under the administrative control of the District Manager, Trivandrum Telephones, situated within the local limits of Trivandrum.
62. Divisional Engineer, Telephones, Office of the District Manager, Telephones, Rajkot.	Premises under the administrative control of the District Manager, Rajkot Telephones, situated within the local limits of Rajkot.
63. Principal, P&T Training Centre, Saharanpur.	Premises under the administrative control of the Principal , P&T Training Centre, Saharanpur, situated within the Training Centre.
64. Principal, Postal Training Centre, Darbhanga.	Premises under the administrative control of the Principal, Postal Training Centre, Darbhanga, situated within the Training Centre.
65. Principal, Postal Training Centre, Mysore.	Premises under the administrative control of the Principal, Postal Training Centre, Mysore, situated within the Training Centre.
66. Principal, Postal Training Centre, Vadodava.	Premises under the administrative control of the Principal, Postal Training Centre, Vadodara, situated within the Training Centre.

[No. 2-209/73-NB].

E.G. S. SATHYMOORTHY, Asst. Director-General (R)

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, 1 नवम्बर, 1978

का० आ० 3575.—केन्द्रीय सरकार, अभ्रक खान श्रम कल्याण निधि अधिनियम, 1946 (1946 का 22) की धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कल्याण आयुक्त, भारत सरकार, भीलवाड़ा को, उक्त अधिनियम के प्रयोजनार्थ राजस्थान राज्य के लिये अभ्रक खान कल्याण आयुक्त नियुक्त करती है ।

[फा० सं० ए-11016/3/78-एम० 3]

जगदीश प्रसाद, अवर सचिव

MINISTRY OF LABOUR

New Delhi, the 1st November, 1978

